# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार ,06 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख कृष्ण 4 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 201 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ पचास फीसद सीट वृद्धि पर भ्रामक है कांग्रेस का विमर्श

दीया मिर्जा बोलीं -फिल्म फ्लॉप हुई तो लोग पनौती कहने लगे ◂◂ 6


# धुर्वा डैम से मिला युवक का शव, मचा हड़कंप



**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के धुर्वा डैम से एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान सैयम अंसारी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में रांची के लेक रोड इलाके में रहता था। बताया जा रहा है कि युवक ने डैम में कूदकर आत्महत्या की हैं।

जानकारी के अनुसार, सैयम अंसारी ने रविवार को भी आत्महत्या की कोशिश की थी, लेकिन उस समय अजय उरांव और विकास तिर्की ने उसे बचा लिया था। इसके बावजूद युवक ने दोबारा यह खौफनाक कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही नगड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया हैं।

## पलामू के जंगल से महिला का शव बरामद, आत्महत्या की आशंका

पलामू: जिले के मनातू थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के चिड़ी खुर्द गांव में जंगल से एक महिला का शव बरामद हुआ है। महिला की पहचान चिड़ी खुर्द की रहने वाली पूनम देवी के रूप में हुई है। परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि महिला महुआ चुनने के लिए गई थी और इसी क्रम में उसने आत्महत्या कर ली।



परिजनों को सौंपा गया शव: घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

महुआ चुनने गई थी महिला: दरअसल, महिला पूनम देवी घर से महुआ चुनने की बात बोलकर निकली थी। काफी देर तक जब वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। परिजन महिला को खोजते हुए महुआ के पेड़ के पास पहुंचे तो देखा कि महिला आत्महत्या कर ली है।

### अब एलपीजी सिलेंडर की झंझट खत्म

# सूरज की रोशनी से चार्ज होगा कुकिंग सिस्टम रात में भी पकेगा खाना, ट्रायल सफल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के चलते एलपीजी की किल्लत और कीमतों में इजाफे के बीच ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से एक राहत भरी खबर सामने आई है। अब खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। वैज्ञानिकों ने सौर ऊर्जा से चलने वाला एक आधुनिक कुकिंग सिस्टम विकसित किया है, जिसका सफल परीक्षण भी शुरू हो चुका है। सोलर और इंडक्शन का अनोखा मेलः ओडिशा यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (ओयूटीआर) के वैज्ञानिक सुधांशु शेखर साहू के नेतृत्व में तैयार इस सिस्टम में सोलर कॉइल और इंडक्शन कुकिंग तकनीक को जोड़ा गया है। यह पूरी तरह सौर ऊर्जा पर आधारित है, जिससे यह न सिर्फ किफायती है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित विकल्प बनकर उभरा है।

दिन-रात बिना रुकावट चलेगा कुकिंग सिस्टमः इस तकनीक की खासियत इसका डायरेक्ट करंट (डीसी) आधारित सिस्टम है। दिन के समय सोलर पैनल से मिलने वाली ऊर्जा सीधे कुकिंग में इस्तेमाल होती है, जबकि रात में स्टोर की गई ऊर्जा को अल्टरनेटिंग करंट (डीसी) में बदलकर खाना पकाया जा सकता है। इससे 24 घंटे बिना रुकावट कुकिंग संभव हो पाती है। कैफे में पायलट प्रोजेक्ट सफलः भुवनेश्वर के गोल्डन ब्रू कैफे में इस तकनीक का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। यहां इस सिस्टम के जरिए बिरयानी और पुलाव जैसे व्यंजन कम समय में तैयार किए जा रहे हैं। आमतौर पर 2 किलोवाट का सोलर सेटअप पर्याप्त होता है, लेकिन अधिक उपयोग को देखते हुए कैफे में 3 किलोवाट का सिस्टम लगाया गया है।एक बार निवेश, लंबे समय तक फायदाः विशेषज्ञों का मानना है कि इस सिस्टम में शुरूआती निवेश के बाद लंबे समय तक गैस के खर्च से राहत मिल सकती है। खासकर होटल, ढाबों और कैफे जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए यह तकनीक काफी उपयोगी साबित हो सकती है।



## तीन लोगों की टीम ने किया विकास

इस प्रोजेक्ट को वैज्ञानिक सुधांशु शेखर साहू ने डॉ मनोज नायक और ढेंकानाल के इलेक्ट्रिशियन संतोष स्वांई के साथ मिलकर तैयार किया है। उन्होंने पुराने कॉइल हीटिंग सिस्टम को, जो अधिक बिजली खपत के कारण बंद हो चुका था, अब डीसी आधारित बनाकर नए रूप में विकसित किया है। पेटेंट और भविष्य की संभावनाएं इस तकनीक के लिए 2021 में पेटेंट आवेदन किया गया था, जिसे 2024 में मंजूरी मिल चुकी है। फिलहाल इस सिस्टम का प्रदर्शन ओयूटीआर के इनक्यूबेशन सेंटर में किया जा रहा है और इसकी लागत को और कम करने पर काम जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भुवनेश्वर जैसे शहरों में यह सोलर कुकिंग तकनीक स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा के रूप में भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ जवान घायल, सर्च ऑपरेशन जारी

### घायल जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची

**संवाददाता**

**रांची:** चाईबासा के सारंडा जंगल में एक बार फिर नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। इस विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार घायल जवान को जंगल से सुरक्षित निकाल लिया गया है और उन्हें एयरलिफ्ट किया जा सकता है।

**क्या है पूरा मामला:** चाईबासा के सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी(इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) ब्लास्ट का निशाना एक बार फिर सुरक्षा बल बने हैं। इस धमाके में सीआरपीएफ के कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) बटालियन का एक जवान घायल हो गए।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रांची से घायल जवान को एयरलिफ्ट करने के लिए हेलीकॉप्टर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, कोबरा बटालियन के



जवान रविवार सुबह सर्च ऑपरेशन के तहत सारंडा के घने जंगलों में नक्सली ठिकानों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से ही प्लांट किए गए आईईडी विस्फोट हो गया। इसी धमाके में एक जवान

**क्या है स्थिति:** झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवं आईजी अभियान डॉक्टर माइकल एस राज ने बताया कि ब्लास्ट में एक जवान मामूली रूप से घायल हुआ है। जरूरत के अनुसार उसे एयरलिफ्ट कर रांची भी लाया जा सकता है। आईजी अभियान ने बताया कि बचे हुए नक्सलियों के खिलाफ सारंडा में बड़ा अभियान चल रहा है। इसी दौरान यह विस्फोट हुआ है। इलाके में सर्च अभियान के दौरान एक जिंदा आईईडी बम भी बरामद किया गया है, जिसे नष्ट कर दिया गया। इलाके में अभियान जारी है।

वहीं, एसपी अमित रेणु का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह पुराना प्लांट किया गया आईईडी था या हाल ही में बिछाया गया विस्फोटक।

**बचने के लिए लगा रखे हैं आईईडी**

: सारंडा में पुलिस और नक्सलियों के बीच निर्णायक लड़ाई चल रही है। इस साल जनवरी महीने में एक साथ 17 नक्सलियों के मारे जाने के बाद नक्सलियों ने अपने बचाव के लिए जंगल में भारी तादाद में विस्फोटक जमीन के अंदर लगा दिए हैं। अभियान में निकले जवान और अफसर उन्हें विस्फोटकों का शिकार हो रहे हैं। पिछले दो महीनों के भीतर सारंडा में चार भीषण ब्लास्ट हुए हैं।

# भुरकुंडा में पुलिस-राहुल दुबे गैंग में मुठभेड़, सनी सिंह को लगी गोली, गिरफ्तार

**संवाददाता**

**रामगढ़:** जिले में भुरकुंडा सौंदा दो मोहानी के पास पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए राहुल दुबे गैंग के रेलीगढ़ा निवासी सनी सिंह को पैर में गोली मारकर पकड़ा है। हालांकि, इस दौरान उसके अन्य साथी फरार होने में सफल रहे। ये घटना आज सुबह साढ़े पांच बजे की है।

एसआईटी टीम का गठन किया गया था : राहुल दुबे गिरोह के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए छापामारी करने के लिए पुलिस ने एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में छापेमारी की जा रही थी।

गुप्त सूचना पर सक्रिय हुई पुलिसः इसी क्रम मे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य सनी सिंह भुरकुंडा क्षेत्र में है और अपने गिरोह के अपराधकार्मियों के साथ मिलकर इस क्षेत्र में कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के



आधार पर एसआईटी टीम ने भुरकुंडा और पतरातू क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान शुरू किया। गठित टीम के द्वारा भुरकुंडा और पतरातू क्षेत्र में सघन छापेमारी किया जा रही थी। इसी क्रम मे सूचना मिली कि भुरकुंडा स्थित दुमहान मंदिर के पास एक व्यक्ति है और उसकी गतिविधि संदिग्ध है। इस सूचना पर भुरकुंडा क्षेत्र अंतर्गत दुमुहाना मंदिर के पास तलाशी और छापामारी किया गया।

पुलिस पर फायरिंग, बाल-बाल बचे थाना प्रभारीः छापेमारी के क्रम मे अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा पुलिस कि गाड़ी देखते ही पुलिस पर फायरिंग करने लगा जिससे थाना प्रभारी पतरातू कि गाड़ी के शीशा और बंपर मे गोली लगी। थाना प्रभारी इस हमले में बाल-बाल बच गए।

जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ आरोपीः जवाबी कार्रवाई मे फायरिंग करने वाले अपराधकर्मी के दाहिने पैर मे गोली लगी और वह जख्मी होकर गिर गया। नाम पता पूछने पर अपराधकर्मी के द्वारा अपना नाम सनी सिंह ग्राम रेलीगढ़ा बताया गया। घटनास्थल पर ही पट्टी कर जख्मी हालत मे तुरंत सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा भेजा गया। घटना स्थल पर सनी सिंह का 2 देसी पिस्तौल एक मोबाइल एक लेदर बैग गिरा पड़ा मिला है।

# देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय ने जारी किए चौंकाने वाले आंकड़े

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि 4 अप्रैल (शनिवार) को 51 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर्स की डिलीवरी हुई है और देश में किसी भी वितरक एजेंसी पर गैस की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

मंत्रालय ने कहा कि कुल बुकिंग में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर की हिस्सेदारी बढ़कर 95 प्रतिशत हो गई है।

वितरक स्तर पर हेराफेरी को रोकने के लिए, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी 90 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो कि मध्य पूर्व में तनाव से पहले फरवरी में 53 प्रतिशत की थी। साथ ही, मंत्रालय ने उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर बुक करने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने और आवश्यक होने पर ही वितरकों के पास जाने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने बताया कि शनिवार को करीब 90,000 पांच किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर्स की बिक्री की गई है और 23 मार्च से अब तक 6.6 लाख एलपीजी सिलेंडर्स की बिक्री हो चुकी है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि पांच किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर वितरकों के पास मौजूद हैं और कोई वैध पहचान पत्र दिखाकर, इन्हें हासिल किया जा सकता है।

देश में पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.9 लाख से अधिक पीएनजी के नए पंजीकरण हो चुके हैं और 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन को गैस की आपूर्ति दी गई है।

राज्यों को घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपभोक्ताओं के लिए नए पीएनजी कनेक्शन की सुविधा प्रदान करने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय के अनुसार, सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक बना हुआ है।

# रिपोर्ट : ईरान और अमेरिका में 45 दिन के सीजफायर पर बातचीत, क्या रुकेगी वॉर?

- पाकिस्तान समेत 3 देश करा रहे समझौता, अगले 48 घंटे आखिरी मौका, समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर होंगे बड़े हमले

**एजेंसी**

**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी :** ईरान और अमेरिका के बीच 45 दिन के सीजफायर को लेकर बातचीत चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बड़े हमले किए जा सकते हैं, जिसकी तैयारी अमेरिका और इजराइल ने कर ली है।

एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्तावित समझौते के पहले चरण में 45 दिन का सीजफायर लागू किया जाएगा, जिसके दौरान स्थायी शांति समझौते पर बातचीत होगी।



इस बातचीत में पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। मध्यस्थों का कहना है कि अगले 48 घंटे इस डील के लिए आखिरी मौका हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने ईरान के ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर हमले की योजना तैयार कर रखी है। हालांकि, ईरान फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट और अपने परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर कोई बड़ी रियायत देने के मूड में नहीं दिख रहा है।

**ईरान ने ग्लोबल सप्लाई ठप करने की दी धमकी**

ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजराइल के हमले बढ़े तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने कहा है कि वह होर्मुज के अलावा दूसरे समुद्री रास्तों को भी निशाना बना सकता है।

ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली अकबर वेलायती ने कहा कि किसी भी बड़ी कार्रवाई का जवाब सिर्फ सैन्य स्तर पर नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा और व्यापार पर असर डालकर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सिर्फ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ही नहीं, बल्कि बाब-अल-मंदेब जैसे अहम समुद्री रास्ते भी खतरे में आ सकते हैं।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को होर्मुज स्ट्रेट खोलने का अल्टीमेटम दिया है और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

इससे पहले ईरान के करीबी माने जाने वाले यमन के हूती विद्रोही रेड सी में जहाजों पर हमले की बात कह चुके हैं।

ट्रम्प ने ईरान को नरक जैसे हालात में पहुंचाने की दी धमकीः ट्रम्प ने ईरान को बास्टर्ड कहते हुए होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोलने पर बड़ा हमला करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज नहीं खोला तो वो उसे नरक बना देंगे। इसके साथ ही उन्होंने ईरान में पावर प्लांट और पुलों पर हमला करने की बात कही। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान में मंगलवार को पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होगा यानी हमला होगा। ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोले दे, नहीं तो नरक जैसे हालात में पहुंच जाएगा।

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर भूस्खलन, पहाड़ से पत्थर गिरने से भारी तबाही, एनएच-44 पूरी तरह बंद

**एजेंसी**

**श्रीनगर :** रामबन जिले में पत्थर गिरने और भूस्खलन के कारण सोमवार को श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही दोनों दिशाओं में, जम्मू से श्रीनगर की ओर और इसके विपरीत, रोक दी गई है, क्योंकि भूस्खलन और पत्थर गिरने से करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच दोनों सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं।

यातायात विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, लोगों को सलाह दी जाती है कि जब तक एनएच-44 की मरम्मत पूरी तरह से नहीं हो जाती, तब तक इस पर यात्रा न करें। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और यात्रा शुरू करने से पहले यातायात विभाग से राजमार्ग की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग अभी भी घाटी में आपूर्ति के लिए जीवन रेखा है, हालांकि जम्मू डिवीजन और घाटी के बीच रेल संपर्क अब पूरी तरह से





चालू है। एलपीजी, मटन, मुर्गी उत्पादों आदि का सारा स्टॉक अभी भी इसी राजमार्ग के माध्यम से घाटी में लाया जाता है। ट्रेन के आगमन से देश के शेष भाग और घाटी के बीच हर मौसम में संपर्क स्थापित हो गया है, लेकिन श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर निर्भरता कम करने के लिए घाटी से माल ले जाने वाली मालगाड़ियों का नियमित रूप से संचालन अभी भी नहीं किया जाता है। हालांकि फ्लाईओवर, पुलों और सुरंगों के निर्माण के कारण श्रीनगर और जम्मू के बीच यात्रा का समय पहले के 10 घंटे से घटकर पांच घंटे हो गया है, फिर भी रामसू और रामबन शहर के बीच का राजमार्ग का हिस्सा इस राजमार्ग का सबसे संवेदनशील भाग बना हुआ है। इस क्षेत्र में बारिश के कारण भूस्खलन, कीचड़ का भूस्खलन और पत्थर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं, जिससे यातायात अवरुद्ध हो जाता है।2025 में, घाटी में फल उत्पादकों को राजमार्ग की लगातार नाकाबंदी के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि राष्ट्रीय बाजारों में फल ले जाने वाले ट्रक फंसे रहे। उत्तरी रेलवे अधिकारियों ने हाल ही में हितधारकों के साथ बैठक की है ताकि इस वर्ष घाटी से फलों के परिवहन के लिए मालगाड़ी शुरू की जा सके।

न्यूज IN ब्रीफ

## कुटाम में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन



**मुरी :** कुटाम में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच के तत्वावधान में हुआ। संचालन चिरंजीव सिंह मुंडा ने किया। मुखिया लालू राम उरांव मिलन समारोह की उपस्थिति के लिए बधाई दी । साथ ही मुखिया के सरहुल नृत्य की टीम ने सरहुल गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें राहे से आए सरहुल टीम के कलाकारों ने भी समा बांध कर लोगों को नृत्य करने पर आकर्षित किया। इसे सफल बनाने में अनन्त सिंह मुंडा के साथ सुदान हजाम एवं सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रतिबंधित मांस बरामद



खूंटीः जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित गौवंशीय पशु के वध और उसके मांस की खरीद-बिक्री के मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव बडका रेगरे के बगीचा टोली स्थित सरना दोन के पास झाड़ीनुमा जंगल के समीप छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस, मांस काटने के औजार, पांच मोटरसाइकिल और दो साइकिल समेत कई सामान जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान सोमरा उर्फ इमिल आईन्द (55 वर्ष), पिता स्व. बुधवा आईन्द, निवासी बडका रेगरे महुआ टोली तथा निरल आईन्द (56 वर्ष), पिता स्व. पौलुश आईन्द, निवासी बडका रेगरे बगीचा टोली, दोनों थाना जरियागढ़, जिला खूँटी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में जरियागढ़ थाना कांड संख्या 08/26 दिनांक 04.04.2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 325/3(5), पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 तथा झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 की धारा 12(1), 12(2), 12(3) के अंतर्गत कार्रवाई की है।

पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के अलावा बसंत आईन्द उर्फ कच्चा, उम्बलेन आईन्द तथा जब्त मोटरसाइकिल और साइकिल के चालक-मालिकों सहित 15 से 20 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है।

भारी मात्रा में मांस और औजार जब्तः छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 1 क्विंटल 80 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस बरामद किया। इसके अलावा मांस काटने और तौलने में उपयोग होने वाले कई औजार और सामान भी जब्त किए गए हैं। जब्त सामानों में लोहे के 3 छुरे, 2 लोहे के तराजू, विभिन्न वजन के बटखरे, 2 लकड़ी के बोटे, 4 लोहे के पंशुल, 4 लोहे के टॉगी, 2 प्लास्टिक की बाल्टियां शामिल हैं।

पुलिस ने घटनास्थल से कुल 5 मोटरसाइकिल और 2 साइकिल भी जब्त किया है।

इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक, तोरपा अंचल ने किया। कार्रवाई में जरियागढ़ थाना प्रभारी बिरेंद्र कुमार, शंकर दयाल मेहता, आनंद कुमार पंडित, तारकेश्वर साह गोंड, सुरेंद्र उरांव तथा जरियागढ़ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## शतचंडी महायज्ञ सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण



**चतराः** जिले हंटरगंज प्रखंड के करैलीबार पंचायत अंतर्गत बखरडीह गांव में 10 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले श्रीश्री 108 शतचंडी महायज्ञ सह मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को ध्वजारोहण किया गया।इससे पूर्व श्रद्धालुओं की ध्वज के साथ निकाली गई शोभायात्रा पूरे गांव की भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर खत्म हुई।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु लगातार जय दुर्गे' और 'जय श्री राम' जी का जयकारा कर रहे थे जिससे पूरा गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। गांव में नवनिर्मित देवी मंडप में मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 7 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ यज्ञ का आयोजन किया जाना है।यज्ञ का आयोजन 10 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। समापन 16 अप्रैल को किया जाएगा।ध्वजारोहण के मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव, सचिव कमलकिशोर यादव,कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार,उपाध्यक्ष विनय मिस्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।ध्वजारोहण और यज्ञशाला निर्माण की शुरूआत आचार्य संतु कृष्ण शास्त्री जी महाराज के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया।

## मुंहबोले भाई ने कर दी बच्ची की हत्या, लापता होने की गढ़ी कहानी

रांचीः राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड से लापता 13 साल की नाबालिग बच्ची राजनंदिनी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में जांच में जानकारी मिली है कि राजनंदिनी की 13 मार्च की रात में ही उसके मुंहबोले भाई राहुल उर्फ अक्षय ने हत्या कर दी थी। फिर शव को एंबुलेंस से गयाजी ले जाकर गुप्त तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया। बाद में जब ग्रामीणों और पड़ोसियों को शक हुआ, तो मामले का खुलासा हुआ। हालांकि पुलिस की ओर से फिलहाल मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। आरोपी सुबोध पाठक पूजा-पाठ कराने का काम करता है।

# मंईयां सम्मान योजना: मार्च महीने की राशि जारी

### सरकार ने 3.89 लाख महिलाओं के खातों में भेजे 97 करोड़

संवाददाता

**रांची :** राज्य में सरकार की एक और पहल से महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मार्च महीने की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी गई है।

शहरी इलाकों में भी हजारों महिलाओं को योजना से फायदाः जिले की 3,89,296 महिलाओं के







बैंक खातों में 2500 की सम्मान राशि ट्रांसफर की गई है। यह पैसा आधार आधारित डीबीटी के जरिए सीधे खातों में पहुंचा। कुल मिलाकर 97 करोड़ 32 लाख 40 हजार रुपये महिलाओं को मिले। जिले के कई प्रखंडों में बड़ी संख्या में महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला। कांके में 31,548, मांडर में 23,079, सिल्ली में 21,120, बेड़ो में 20,571 और चान्हो में 19,699 लाभुकों के खातों में पैसे पहुंचे। शहरी इलाकों में भी हजारों महिलाओं को इस योजना से फायदा हुआ है। जिला प्रशासन ने कहा है कि सभी पात्र महिलाओं तक समय पर और पारदर्शी तरीके से राशि पहुंचाई गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अगर कहीं कोई दिक्कत या देरी होती है, तो उसका तुरंत समाधान किया जाए।

शिकायत के लिए हेल्पलाइनः लाभुक अपनी शिकायत अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर दर्ज करा सकते हैं।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

संवाददाता

**चतरा :** जिले की हंटरगंज पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वहीं, उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. गिरफ्तार अपराधी विष्णु गंझु पिता- मोहन गंझु जोरी वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के कोलवा गांव का रहने वाला है।हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि एसपी सुमित अग्रवाल के निर्देश पर कौलेश्वरी हटवारिया के पास एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान अपाची बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए।उनको रोकने का प्रयास किया गया, पुलिस को देखते ही दोनों युवक बाइक छोड़कर भागने लगे। पीछा करने के क्रम में एक आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। जबकि दूसरा युवक पैर में शीशा गड़ने के कारण पकड़ा गया।पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि बाइक चोरी की है और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा था।मामले में हंटरगंज थाना कांड संख्या 41/2026 के तहत धारा 317(2)/317(5)/3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजय महतो व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हंटरगंज में खेलकूद प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन

**चतराः** हंटरगंज प्रखंड के रामनारायण मेमोरियल कॉलेज स्टेडियम परिसर में जीरो टू सक्सेस डिफेंस एकेडमी हंटरगंज के तत्वावधान में रविवार को आयोजित खेल कुद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,विशिष्ट अतिथि बालुरी पंचायत मुखिया सतेंद्र सिंह, जिला परिषद बेचन पासवान और गुरुकुल विद्यालय के प्रधानाचार्य गुड्डू सर उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष ने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने एकेडमी के निदेशक दीपक कुमार को इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। तिवारी ने आगे कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं को सेना और अन्य क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतियोगिता में 1600 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, और हाई जंप, जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। खासकर उत्तर प्रदेश से आए कोच के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालक ने अपने जोशीले अंदाज से पूरे माहौल को ऊजार्वान बनाए रखा, वहीं दर्शकों ने तालियों की गूंज से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।जीरो टू सक्सेस डिफेंस एकेडमी के इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि यह संस्था न केवल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ा रही है, बल्कि उन्हें डिफेंस की तैयारी के लिए भी प्रेरित कर रही है।

### झारखंड में बिगड़ने वाला है मौसम

## राज्य के कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मौसम अचानक बदल गया है। मौसम विभाग ने 8 अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

कुछ इलाकों में ओले गिरने का अलर्ट जारीः राज्य के कई जिलों में आज से मौसम खराब रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 अप्रैल तक आंधी और बारिश हो सकती है। तेज हवाएं 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। कुछ इलाकों में ओले गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि सोमवार को रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो में ओले गिर सकते हैं।



बारिश के कारण तापमान में भी आएगी गिरावटः मंगलवार को रांची के साथ पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, रामगढ़, बोकारो, खूंटी, धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह जिलों में भी ओलावृष्टि की संभावना है। बुधवार को रांची समेत संताल परगना और कोल्हान क्षेत्र के सभी जिलों में ओले गिर सकते हैं। इसके अलावा खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा और हजारीबाग में भी असर देखने को मिल सकता है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई है। रामगढ़ में 21 मिमी, बरही में 12.4 मिमी और चाकुलिया में 8.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। रांची, सिमडेगा, चाईबासा, बोकारो और कोडरमा समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। कई जगहों पर अधिकतम तापमान 1 से 7 डिग्री तक कम हुआ है। रांची में अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पहले से करीब 2 डिग्री कम है।

## युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर महिला कार्यकर्ता ने लगाया दुर्व्यवहार व मारपीट का आरोप

### पूर्व युवा जिलाध्यक्ष ने भी थाना परिसर में मारपीट, धमकी और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का लगाया आरोप

संवाददाता

**खूंटी :** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन पर संगठन की एक महिला कार्यकर्ता ने दुर्व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। इस संबंध में महिला ने महिला थाना, खूंटी में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, 14 मार्च 2026 को आमिर हुसैन उन्हें तथा एक अन्य युवती को दिल्ली में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अपने साथ ले गए थे। उनके साथ कुल छह अन्य लोग भी यात्रा पर गए थे। महिला ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में ठहरने के दौरान रात में एक युवती को कमरे से बाहर बुलाया गया, जो अगली सुबह तक वापस नहीं लौटी। इस बात पर सवाल उठाने पर आमिर हुसैन ने उनके साथ गाली-गलौज की और सभी के सामने अपमानित किया। आवेदन में यह भी कहा गया है कि इस घटना से भयभीत होकर वह अकेले ही दिल्ली से लौटने को मजबूर हो गईं। महिला का यह भी आरोप है कि बाद में आमिर हुसैन ने फोन कर माफी मांगी और उनके साथ वापस लौटने को कहा। लेकिन वापसी के दौरान ट्रेन में भी कथित रूप से उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। विरोध करने पर हाथापाई किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही, महिला ने यह भी दावा किया है कि उन्हें बिना टिकट यात्रा करने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िता ने अपने आवेदन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आमिर हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने तथा सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण सांगा ने भी लगाया मारपीट और धमकी का आरोप।इसी बीच, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन के खिलाफ एक और शिकायत सामने आई है। संगठन के पूर्व युवा जिलाध्यक्ष अरुण सांगा ने भी खूंटी थाना में आवेदन देकर उन पर मारपीट, जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

अरुण सांगा ने अपने आवेदन में कहा है कि वे महिला कार्यकर्ता साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए रविवार को खूंटी थाना पहुंचे थे। इसी दौरान, उनका आरोप है कि थाना परिसर में ही आमिर हुसैन ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान आमिर हुसैन ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। अरुण सांगा ने भी मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन को लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी को वीडियो कॉल कर प्रेमिका ने खाया जहर

**चतराः** जिले से एक ऐसी खबर आई है जो प्रेम, धोखे और दर्दनाक अंत की कहानी बयां करती है। कुंदा थाना क्षेत्र के चिलोई गांव में एक युवती ने अपने प्रेमी को मोबाइल पर वीडियो भेजकर मौत को गले लगा लिया। साल भर से चल रहे प्रेम प्रसंग में जब शादी की बात आई, तो कथित तौर पर प्रेमी के इनकार ने ललिता को इस आत्मघाती कदम की ओर धकेल दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रेमी की बेरुखी ही उनकी बेटी की मौत की वजह बनी है। पूरा मामला थाना क्षेत्र के चिलोई गांव का है। मृतका की पहचान कैलाश गंझू की 18 वर्षीय पुत्री ललिता कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, ललिता का पिछले एक साल से सदर थाना क्षेत्र के बर्मन्ना गांव निवासी दिनेश गंझू के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार की रात करीब 9:30 बजे ललिता ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। लेकिन दिल दहला देने वाली बात यह है कि जहर खाने के बाद उसने अपने प्रेमी दिनेश को वीडियो बनाकर भेजा, जिसमें उसने अपनी जीवनलीला समाप्त करने की बात कही थी। मृतका की मां आरती देवी ने बताया कि जब ललिता ने जहर खाकर वीडियो दिनेश को भेजा, तब दिनेश ने ललिता के बड़े भाई तुलसी गंझू को फोन कर इसकी जानकारी दी।आनन-फानन में परिजन ललिता के कमरे की ओर दौड़े, जहाँ वह अचेत अवस्था में पड़ी मिली। परिजनों ने तुरंत गांव से एक निजी वाहन बुक किया और उसे चतरा सदर अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन जहर का असर इतना गहरा था कि अस्पताल की दहलीज तक पहुँचने से पहले ही रास्ते में ललिता की सांसें थम गईं। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरती देवी ने मीडिया से बातचीत के दौरान अंदेशा जताया है कि ललिता शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन दिनेश शायद मुकर गया था।

### सरहुल महामिलन का भव्य आयोजन

## लाखों श्रद्धालुओं ने रचा आस्था और संस्कृति का इतिहास

संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले खूंटी में आज सरना आस्था, आदिवासी परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। खूंटी कचहरी मैदान में संयुक्त आदिवासी समाज के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक सरहुल महा मिलन समारोह ने पूरे जिले को उत्सव और उल्लास के रंग में रंग दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु, युवक-युवतियां, महिलाएं और विभिन्न आदिवासी समुदायों के लोग शामिल हुए। पूरा शहर पारंपरिक वेशभूषा, लोक संगीत, मांदर की थाप और सांस्कृतिक उल्लास से गूंज उठा।

इस समारोह मे कई प्रमुख हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति,

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा, मंगल सिंह मुंडा, डॉक्टर. लखींद्र मुंडा सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने सरहुल को आदिवासी अस्मिता, प्रकृति पूजा और सामुदायिक एकता का महापर्व बताया।



कचहरी मैदान में खूंटी जिले के विभिन्न गांवों, पंचायतों और प्रखंडों से आए पारंपरिक टोलियों ने अलग-अलग अखाड़ों में सखुआ डाल के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद जैसे ही मांदर, ढोल, नगाड़े और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन बजी, पूरा वातावरण सरहुल महोत्सव की भावनाओं से सराबोर हो उठा। समारोह का सबसे आकर्षक दृश्य तब देखने को मिला जब रंग-बिरंगे सरना परिधानों में सजे युवक-युवतियों और महिलाओं ने पारंपरिक आदिवासी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। मांदर की थाप, झूमर की लय और लोकगीतों की मधुर गूंज ने वहां मौजूद हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर ओर सांस्कृतिक गर्व, सामूहिक उल्लास और परंपरा के प्रति गहरी आस्था की झलक दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम के पश्चात एक भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली गई, जो कचहरी चौक स्थित अखाड़ा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए नेताजी चौक तक पहुंची और फिर खूंटी के पत्रा मैदान स्थल पर आकर संपन्न हुई। इस शोभायात्रा में हजारों हजार की संख्या श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरे रास्ते में नृत्य, संगीत, जयघोष और सांस्कृतिक जोश का अनूठा नजारा देखने को मिला। शोभायात्रा की सबसे खास बात रही कि इसमें लगभग 50 से 60 सजी-धजी गाड़ियां शामिल थीं, जिन पर डीजे और पारंपरिक संगीत की धुन पर लोग झूमते-नाचते आगे बढ़ते रहे।

# हुंडरू फॉल में चार छात्र डूबे, सेल्फी लेने के दौरान फिसला पैर, लोगों ने बचाई जान

संवाददाता

**रांचीः** हुंडरू फॉल में रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। लोगों की सूझबूझ से चार छात्रों की जान बच गई। रांची के चुटिया पावर हाउस चौक के पास एक किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करने वाले चार दोस्त बाइक से रविवार दोपहर हुंडरू फॉल घूमने पहुंचे।

चारों युवक हुंडरू फॉल का मचा ले रहे थे, इसी दौरान सभी युवक फॉल के खतरनाक क्षेत्र जोगिया दह के पास सेल्फी लेने लगे। इसी बीच प्रत्युष राज नाम के युवक का पैर फिसल गया और वो गहरी पानी में जा गिरा।



उसे बचाने के लिए उसके दोस्त पीयूष राज और गुलशन कुमार भी पानी में कूद पड़े, लेकिन तैरना नहीं जानने के कारण तीनों ही डूबने लगे। वहीं सुमित कुमार मदद के लिए चिल्लाने लगा। शोर सुनकर वहां तैनात पर्यटक मित्र (पर्यटनकर्मी) तुरंत हरकत में आए और बिना देर किए पानी में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद चारों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बताया जाता है कि प्रत्यूष राज की हालत गंभीर हो गई थी। ऐसे में पर्यटनकर्मियों ने तुरंत उसे जमीन पर लिटाकर करीब एक घंटे तक सीपीआर (कृत्रिम सांस) दिया, जिससे उसकी सांसें वापस आ सकीं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

## लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



रांचीः राजधानी में रातू थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे ठग नजरे आलम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कई मामलों में वांछित था और पुलिस से लगातार बचता फिर रहा था। कोर्ट वारंट के बाद तेज हुई थी तलाशः जानकारी के मुताबिक, नजरे आलम की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी और अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही थी।

हर बार पुलिस को देता था चकमाः बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से फरार था और हर बार पुलिस को चकमा देकर बच निकलता था। लेकिन इस बार पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जुटी पुलिस, गिरोह का खुलासा संभवः गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस ठगी के नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस (सात अप्रैल) पर विशेष

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक है वर्ल्ड हेल्थ डे : तुषार कांति शीट



**रांचीः** विश्व स्वास्थ्य दिवस(वर्ल्ड हेल्थ डे) प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की वर्षगांठ है। इस दिन का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसलिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना जरूरी है।

**विश्व स्वास्थ्य दिवस का इतिहास**

विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की वर्षगांठ के समय सात अप्रैल, 1950 को हुई थी। तब से यह दिन वैश्विक स्वास्थ्य चिंता पर ध्यान केंद्रित करने और स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

**विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 का थीमः** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 का थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों। विज्ञान के साथ खड़े रहें है, जो विज्ञान-आधारित स्वास्थ्य निर्णयों और वैश्विक सहयोग के महत्व पर बल देता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्वः विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करता है और हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें स्वस्थ रहने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में सहभागिता निभाने के लिए भी प्रेरित करता है।

आएं, हम-सब विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लें और स्वस्थ व समृद्ध राष्ट्र के नवनिर्माण में सहभागी बनें।

# एबीडी में लीडरशिप बदलाव अमर सिन्हा बने एमडी



संवाददाता

**रांचीः** एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स ने अमर सिन्हा को मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त करने की घोषणा की है, जो 2 अप्रैल 2026 से प्रभावी है। कंपनी के अनुसार यह नियुक्ति आलोक गुप्ता के कार्यकाल पूर्ण होने के साथ सुगम नेतृत्व परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास रणनीति के तहत की गई है। अमर सिन्हा के पास अल्को-बेवरेज और उपभोक्ता क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है और वे रेडिको खेतान, व्हाइट एंड मैके इंडिया तथा हर्बर्टसंस जैसे संस्थानों में नेतृत्व भूमिका निभा चुके हैं। कंपनी ने कहा कि उनके अनुभव से अगले चरण की ग्रोथ को गति मिलेगी। इसी क्रम में एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड अपने नेतृत्व ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दे रही है। एबीडी के चेयरमैन किशोर छाबड़िया ने कहा कि यह बदलाव कंपनी की आगे की रणनीति के लिए अहम है, जबकि आलोक गुप्ता ने इसे कंपनी की उपलब्धियों और मजबूत आधार का परिणाम बताया। वहीं अमर सिन्हा ने कहा कि वे इस महत्वपूर्ण समय में कंपनी से जुड़कर आगे की रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।

# रामगढ़ के इस्पात प्लांट में ब्लास्ट, 9 मजदूर झुलसे, 7 गंभीर

संवाददाता

रामगढ़ः जिले के अरगड्डा मोड़ के पास हेसला स्थित झारखंड इस्पात प्लांट प्राइवेट लिमिटेड में सोमवार को हुए भीषण फर्नेस ब्लास्ट ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस दर्दनाक हादसे में प्लांट में काम कर रहे 9 मजदूर बुरी तरह झुलस गए, जिनमें से 7 की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है।

घटना के बाद मजदूरों, प्रबंधन, स्थानीय लोगों के सहयोग से प्राथमिक उपचार कराकर सभी घायलों को रांची के देवकमल और अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें से सात लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब मजदूर फर्नेस के पास नियमित कार्य में लगे हुए थे। अचानक फर्नेस में तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते आग व गर्म धातु की लपटों ने आसपास काम कर रहे मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह घायलों को बाहर निकाला गया।



घायलों की पहचान अखिला राय, बृजलाल बेदिया, राजबालन यादव, महेश महतो, अशोक बेदिया, राजू झा उर्फ पंडित जी, छोटू साव, सुरेश बेदिया और इशया के रूप में हुई है।सभी घायलों को तत्काल रांची रोड स्थित होप अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मजदूरों को रांची के सहित अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार 7 मजदूरों की हालत बहुत गंभीर है। वे 80 से 90 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं। सभी गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची के देवकमल अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि धमाका इतना तेज था कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। वहीं, घटना के बाद प्लांट प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और मजदूरों ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ है।

घटना के बाद प्लांट गेट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों की भीड़ जुट गई। रामगढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े प्लांट में एंबुलेंस तक की व्यवस्था नहीं होना बेहद शर्मनाक है। घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल पहुंचाना पड़ा, जो प्रबंधन की बड़ी लापरवाही को दशार्ता है।

फिलहाल पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी या सुरक्षा में चूक को हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल लोग गेट के पास पहुंचकर घटना का विरोध कर रहे हैं। मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद है, ताकि किसी तरह का कोई उपद्रव न हो सके।

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि इस्पात प्लांट में हादसा हुआ है। जिसमें कई मजदूरों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। सभी को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। स्थानीय लोगों द्वारा विरोध जारी है। जिसे देखते हुए पुलिस मौके पर तैनात है।

## चान्हों प्रखंड में 55 लाख की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास



संवाददाता

**रांचीः** 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य प्रक्षेत्र योजना के तहत चान्हों प्रखंड के बलसोकरा में 55 लाख रुपये की लागत से बननेवाले स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास सोमवार को जिला परिषद आदिल अजीम ने किया। मौके पर जिला परिषद आदिल अजीम ने कहा कि बलसोकरा पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा कई वर्षों से की जा रही थी, जिसे उन्होंने अपने चुनावी संकल्प पत्र में शामिल किया था। उन्होंने कहा कि अब यह मांग पूरी होने जा रही है और उपकेंद्र बनने से पंचायत के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का रुख भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने संवेदक को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। आदिल अजीम ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद सुखदेव भगत का हम शुक्रिया अदा करते हैं। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि मो गयास, बलसोकरा पंचायत के मुखिया, झामको मुंडा, होलिका देवी, पंचायत समिति के तजम्मुल अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, मुखिया शिव उरांव, समेत चानहो, बलसोकरा के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रांची अंजुमन चुनाव : नफरत नहीं, एकता की राह चुनें: नेहाल अहमद

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** ज़िन्दगी बहुत छोटी है–ना किसी से नाराज होकर जीना सही है, ना किसी को नाराज करके। असल खुशी तो इसी में है कि हम सबको साथ लेकर चलें और अपने दिल में मोहब्बत और अपनापन बनाए रखें। जब हम एक-दूसरे को समझते हैं और सम्मान देते हैं, तभी समाज में सच्ची शांति और तरक्की आती है।

आज जो आपसी मतभेद और



खींचतान चल रही है, वह किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है। अंजुमन इस्लामिया का चुनाव पहले ही आठ महीने देरी से हो रहा है, ऐसे में और विवाद बढ़ाना सही नहीं। बेहतर यही होगा कि सभी लोग मिल-बैठकर समझदारी से एक चुनाव संयोजक चुनें और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराएं। जो लोग सिर्फ बातें करते हैं लेकिन जिम्मेदारी निभाने से पीछे हटते हैं, उनके पीछे समय बर्बाद करना भी ठीक नहीं।

हमें यह समझना होगा कि जैसे एक पेड़ की खूबसूरती उसके फूल और पत्तियों से होती है, वैसे ही इंसान की असली खूबसूरती उसके विचार और व्यवहार से झलकती है। अगर हमारे विचार सकारात्मक हों और व्यवहार अच्छा हो, तो हर मुश्किल का हल आसानी से निकल सकता है।

इसलिए नफरत छोड़कर एकता का रास्ता अपनाइए, आपसी भाईचारे को मजबूत कीजिए और मिलकर फिर से एक नया चुनाव कमिटि का निर्माण कीजिए। यही असली जीत है, और यही इंसानियत की पहचान भी।

# झारखंड में मुस्लिम नेतृत्व को मजबूत करने पर जोर

## तेजस्वी यादव से मुफ्ती कासमी की अहम मुलाकात

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची(गुलाम शाहिद) :** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने मुलाकात कर झारखंड में मुस्लिम नेतृत्व को मजबूत करने सहित विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान आबादी के अनुपात के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की मांग



प्रमुख रूप से उठाई गई। मुलाकात के बाद जारी बयान में मुफ्ती कासमी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी समुदायों को उनकी जनसंख्या के अनुरूप उचित प्रतिनिधित्व मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर मजबूत करने के लिए ठोस पहल की जरूरत है। तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए भरोसा दिलाया कि सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के तहत सभी वर्गों को बराबरी का हक दिलाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह मुलाकात झारखंड की राजनीति में महत्वपूर्ण संकेत देती है और आने वाले समय में सामाजिक समीकरणों पर इसका असर पड़ सकता है।

# लोहरदगा में होगा राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय सभी सुंडी शौंडिक संगठनों का जुटान

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** अखिल भारतीय सुंडी शौंडिक वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता एवं राष्ट्रीय संयोजक मंडली सदस्य बीरेंद्र साहु ने बताया कि अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संस्थापक रायसहब स्व बलदेव प्रसाद साहु द्वारा दिनांक 24 दिसंबर 1945, को अखिल भारतीय शौंडिक संघ का स्थापना किया गया और इस संगठन के रायसहब स्व बलदेव प्रसाद साहु प्रथम संस्थापक सभापति बने। संस्थापक सभापति राय साहब स्व बलदेव प्रसाद साहु जी के जन्म स्थली झारखंड की धरती लोहरदगा में पहली बार सुंडी शौंडिक समाज ने राष्ट्रीय स्तर पर आगाज करते हुए लोहरदगा में उनके पैतृक आवास बलदेव साहु भवन में उनके आदमकद प्रतिमा को साक्षी मान उन्हें माल्यार्पण कर दिनांक 03 मई



2026 दिन रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे सुंडी/ शौंडिक वैश्य समाज उनके द्वारा बताए गए संदेश एवं उनके पदचिन्ह पर अमल कर चलते हुए पूरे राष्ट्रीय स्तर पर एक छतरी ,एक संगठन, एक पहचान ,एक प्रतीक, कर एक मंच में लाने की तैयारी के साथ संपर्क स्थापित कर जनजागरण अभियान की शुरूआत अखिल भारतीय स्तर पर किया जा रहा है। 3 मई को कमों बेस सभी राज्यों के सक्रीय प्रतिनिधियों के उपस्थिति लोहरदगा में होने जा रही है। साथ ही उम्मीद है नेपाल देश के साथ झारखंड प्रदेश के सभी सुंडी शौंडिक नामी संगठनों के प्रमुखों को बैठक में बुलाई जा रही है। इस राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय स्थापित कर एक छतरी में बैठक की बीड़ा आयोजक के रूप में लोहरदगा जिला सुंडी शौंडिक संघ के द्वारा सक्रिय भागीदारी के साथ निभाया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायसहब स्व बलदेव प्रसाद साहु के पुत्र और हमारे संगठन के मुख्य संरक्षक अभिभावक तुल्य उदय शंकर प्रसाद, उनके छोटे भाई पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरीय समाजसेवी धीरज प्रसाद साहु, अपने परिवार जनों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । इस राष्ट्रीय स्तर के बैठक में सुंडी शौंडिक समाज की आगे की कार्यक्रम की रूपरेखा, दशा एवं दिशा का मूल्यांकन कर पूरे राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच में लाकर जनजागरण अभियान की शुरूआत किया जाएगा। आज बलदेव साहु भवन में माननीय पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहु जी ने उनके साथ भेंट वार्ता में शामिल शिवरतन प्रसाद गुप्ता एवं बीरेंद्र साहु को धीरज प्रसाद साहु ने बताया कि, हमारे पिता द्वारा स्थापित संगठन की पहली बैठक हमारे लोहरदगा आवास बलदेव साहु भवन में आयोजित कर पूरे राष्ट्रीय स्तर पर सुंडी शौंडिक समाज के लोगों को गौरवान्वित कर हमारे पिता के यादों को ताजा करते हुए समाज द्वारा उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया जा रहा है। शिवरतन प्रसाद गुप्ता एवं बीरेंद्र साहु ने निजी तौर पर सभी संगठनों के माननीयों को निमंत्रित कर कार्यक्रम में सभी को लोहरदगा पधारने का अनुरोध किया है, ताकि सुंडी शौंडिक समाज को एक मंच पर ला कर एक मजबूत स्तंभ के साथ अपनी चट्टानी एकता को बनाने में मिल का पत्थर साबित हो। निश्चित रूप से ये प्रयास सभी के सामूहिक सहयोग से पूरा किया जाएगा।

## ईएसआई अस्पताल के निर्माण में देरी का खामियाजा भुगत रहे कामगार : चंद्र प्रकाश चौधरी

**रांची :** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्र सरकार का ध्यान बोकारो जिले में 100 बेड के ईएसआई अस्पताल निर्माण हो रही देरी की ओर आकृष्ट कराया है। उन्होंने केंद्र सरकार से राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाकर कसमार प्रखंड क्षेत्र या बेरमो क्षेत्र में उपलब्ध भूमि को ईएसआई अस्पताल निर्माण के लिए शीघ्र आवंटित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना लंबे समय से लंबित है और इस वजह से कामगारों, बीमित व्यक्तियों व आम जनों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। पांच एकड़ भूमि पर ईएसआई अस्पताल का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राज्य सरकार से पत्राचार किया है। उन्होंने कहा कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजना को प्राथमिकता देते हुए इसके क्रियान्वयन में हो रही देरी को तत्काल दूर किए जाने की आवश्यकता है। यह लाखों श्रमिकों के स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने इस मामले को संपन्न लोकसभा के सत्र में भी उठाया था।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

## स्वास्थ्य ही सर्वोत्तम धन है : तुषार कांति शीट

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हिंनू यूनाइटेड क्लब (बिहारी मंडप) में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन पारस एचईसी अस्पताल , धुर्वा, श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय, अशोक नगर एवं लायंस क्लब आफ हिंनू, रांची के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

शिविर में आसपास के क्षेत्र के लगभग 100 लोगों की नेत्र जांच , उच्च रक्तचाप की जांच, शुगर की जांच आदि सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की गई।

शिविर के सफल संचालन में लायंस क्लब आफ हिनू के प्रेसिडेंट तन्मय मुखर्जी, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन रांची के सचिव तुषार कांति शीट,

श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के टेक्नीशियन ऋतिक कुमार, श्यामल चटर्जी, इरशाद, पारस हॉस्पिटल एचईसी अस्पताल के धर्मेंद्र कुमार, चांदनी कुमारी, चंदन कुमार, दीपक चौहान सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर अपने संदेश में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सचिव तुषार कांति शीट ने कहा कि स्वास्थ्य ही सर्वोत्तम धन है, स्वास्थ्य की रक्षा व देखभाल जरूरी है। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए स्वस्थ रहें और राष्ट्र व समाज की सुख-समृद्धि में सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर हिनू युनाइटेड क्लब के अध्यक्ष सुबोध कुमार गुड्डू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## उतना मोहक नहीं 'इस' रामायण का टीजर

देश में लगभग 4000 करोड़ की लागत से बनाई जा रही फिल्म रामायण का प्रथम टीजर यू-टयूब पर हनुमान जयंती पर रिलीज किया गया। आरंभिक तौर पर व्यावसायिक प्रमोशन और तगड़े प्रचार ने फिल्म को लेकर एक उत्साह का वातावरण बनाया किन्तु यह जल्दी ही ठंडा पड़ गया। इसके निमार्ता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी हैं। यह पहले छिछोरे और दंगल जैसी फिल्में बना चुके हैं। फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर राम और दक्षिण की अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में हैं। सनी देओल हनुमान और यश रावण की भूमिका में हैं।

टीजर साथ कैप्शन लिखा गया ," राम सबसे महान इसलिए हैं क्योंकि उन्होंने हमेशा बड़े हित कर्तव्य को इच्छा से ऊपर और त्याग को स्वार्थ से ऊपर रखा। उनका जीवन मानवता को सशक्त बनाता है अच्छाई की आस्था जगाता है और दुनिया में शांति स्थापित करता है।" सनातनियों का मानना है कि यह परिचय (नरेशन) प्रभु राम की सनातन आस्था के प्राण तत्व से परे जाकर उनको एक साधारण तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजा के रूप में प्रस्तुत करता है । इस नरेशन से उनकी दिव्यता प्रकट नहीं होती।

दो मिनट 38 सेकंड का लंबा टीजर दर्शकों को फिल्म के एक्शन, एडवेंचर, किरदारों और युद्ध के दृश्यों की झलक दिखाता है। खूबसूरत विजुअल्स के बीच स्क्रीन पर एक संदेश भी दिखाया गया है जिसमें लिखा है, "जब भी दुनिया अराजकता में डूबने लगती है तब वह हमेशा जवाब होते हैं। 5000 वर्ष से हमारे दिल पर राज करने वाले हमारे रक्षक, हमारे हीरो, हमारे लीजेंड ।हम महान मयार्दा पुरुषोत्तम राम का जश्न मनाते हैं।" यह संदेश भी सनातनियों को भाव और भाषा की दृष्टि से नितांत सतही लगा और इसकी काफी आलोचना हो रही है।

सबसे बड़ी शिकायत फिल्म में कलाकारों के चयन को लेकर है। प्रभु राम बने रणबीर कपूर को लोग भगवान के रूप में स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। रणबीर कपूर का फिल्म की शूटिंग के दौरान शाकाहारी रहने का झूठ भी सामने आया। उसका वीडियो वायरल है। लोग कह रहे हैं इतने झूठे व्यक्ति को श्रीराम की भूमिका में कैसे स्वीकार कर लें ? भारी मेकअप और उम्र कम करने के सारे प्रयासों के बाद भी वो औरा में इंद्रदेव से अधिक नहीं लग पा रहे हैं। लोगों को उनमें सौम्यता व शांति का अभाव दिख रहा है।साईं पल्लवी भारत विरोधी विचारों, पाकिस्तान के आतंकवादियों के प्रति अपने प्रेम को लेकर चर्चा में रही हैं। माता सीता के रूप में उनके चयन का विरोध पहले दिन से ही हो रहा है।

सबसे कमजोर पक्ष अल्ला रक्खा का संगीत है, जो भारत के दैवीय शास्त्रीय संगीत की जगह अरेबियन नाइट्स के संगीत की तरह है। कुल मिलाकर तमाम प्रचार के बावजूद फिलहाल टीजर रामभक्तों को रिझाने में विफल रहा है। इस फिल्म को दीपावली पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना है। दावा किया गया है कि इसमें राम के योद्धा रूप, वनवास के दृश्यों और यश के रावण रूप की एक झलक इसे भारत की सबसे महंगी फिल्म बनाता है। टीजर में हाई-एंड विजुअल इफेक्ट्स और 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जैसा भव्य स्केल है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

## देश के सर्वोच्च सदन में उठती समान शिक्षा की पुकार

भारत का संविधान अपने मूल में एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता है जहाँ प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्राप्त हों और वह अपने सामर्थ्य के अनुरूप विकास कर सके। यह विचार कहना होगा कि एक संवैधानिक संकल्प है जिसे अनुच्छेद 14, 21क और अन्य प्रावधानों के माध्यम से स्थापित किया गया है, किंतु जब हम शिक्षा के क्षेत्र में इस समानता की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हैं तब एक जटिल और विरोधाभासी परिदृश्य सामने उभरकर आता है।

वस्तुतः राज्यसभा में दिनेश शर्मा द्वारा उठाया गया प्रश्न इस विरोधाभास को और अधिक स्पष्ट करता है जिसमें उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त संरचनात्मक असमानता की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उनका यह तर्क कि ह्लसंविधान की समानता की भावना के बावजूद शिक्षा व्यवस्था में भेदभाव मौजूद है !ह्व भले ही ये कहना किसी राजनेता का हो, किंतु यह वक्तव्य भारत की हकीकत है, जोकि आज एक गहन संवैधानिक विमर्श का विषय है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। इसके साथ ही अनुच्छेद 21क के अंतर्गत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया गया है जिसे 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के माध्यम से जोड़ा गया। यह संशोधन इस बात का प्रतीक था कि शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद 29 और 30 सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करते हैं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों को अपने शिक्षण संस्थान स्थापित करने और संचालित करने की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ समानता और विशेषाधिकार के बीच संतुलन का प्रश्न उत्पन्न होता है।

राज्यसभा में प्रस्तुत विचारों के अनुसार अल्पसंख्यक संस्थानों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के कुछ प्रावधानों से छूट प्राप्त है जबकि अन्य संस्थानों को इन नियमों का पूर्णतः पालन करना होता है। दिनेश शर्मा ने इस स्थिति को अनुच्छेद 14 के साथ असंगत बताया और यह तर्क दिया कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रकार की संरचनात्मक असमानता उत्पन्न होती है। यहां समझ लें कि यह प्रश्न प्रशासनिक अथवा कानूनी नहीं है, यह उस मूलभूत विचार से जुड़ा है कि क्या राज्य सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखता है?

इस संदर्भ में अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट प्रदान कर एक तरह से देश में शिक्षा के व्यावहारिक स्तर पर एक असमान ढाँचे को भी वैधता प्रदान कर दी गई है। देखा जाए तो शिक्षा व्यवस्था में यह असमानता कानूनी प्रावधानों तक सीमित नहीं है, यह संरचनात्मक और व्यावहारिक रूप में भी स्पष्ट दिखाई देती है। भारत में सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और धार्मिक शिक्षण संस्थान इन सभी की गुणवत्ता संसाधन और अवसरों में भारी अंतर है। एक ओर महानगरों के निजी विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं और वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान करते हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का अभाव देखा जा सकता है। इस असमानता का परिणाम यह है कि विभिन्न पृष्ठभूमियों के छात्र एक ही प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते हैं किंतु उनकी तैयारी और अवसर समान नहीं होते।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी अपने विभिन्न प्रतिवेदनों में इस बात पर बल दिया है कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में समानता सुनिश्चित किए बिना बाल अधिकारों की वास्तविक रक्षा संभव नहीं है। आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ह्लसमान शिक्षा प्रणाली ही सामाजिक न्याय की आधारशिला बन सकती है।ह्व वस्तुतः यह कथन इस बात की पुष्टि करता है कि शिक्षा में असमानता सिर्फ शैक्षणिक समस्या तक सीमित नहीं है, यह सामाजिक न्याय का प्रश्न भी है। भारतीय चिंतन परंपरा में भी शिक्षा को समानता का माध्यम माना गया है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी पुस्तक एजुकेशन पॉलिटिक्स एंड वॉरह्व में लिखा है, ह्लशिक्षा का उद्देश्य सिर्फ ज्ञानार्जन नहीं है, इससे समाज में नैतिक और सामाजिक संतुलन स्थापित करना है।ह्व इसी प्रकार महात्मा गांधी ने ह्लहरिजनह्व में यह विचार व्यक्त किया कि ह्लसमान शिक्षा के बिना सच्चा लोकतंत्र संभव नहीं है।

# महिला सुरक्षा का सही रास्ता क्या है?

> सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना या स्वतंत्र रूप से जीवन जीना उसके शोषण का कारण बन सकता है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- नहीं। शोषण का कारण हमेशा उस व्यक्ति की मानसिकता होती है जो अपराध करता है।

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर बहस कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या महिलाओं को दी गई आधुनिक स्वतंत्रता वास्तव में उनके लिए लाभकारी है या उन्हें शोषण के अधिक जोखिम में डाल रही है। हाल की घटनाओं और उन पर समाज की प्रतिक्रिया को देखते हुए यह बहस फिर तेज हो गई है। कुछ लोग मानते हैं कि महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता ही उनके शोषण का कारण बन रही है, जबकि अन्य इसे एक संकीर्ण और गलत दृष्टिकोण मानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को भावनाओं के बजाय तर्क, तथ्यों और संतुलित दृष्टि से समझा जाए।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना या स्वतंत्र रूप से जीवन जीना उसके शोषण का कारण बन सकता है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- नहीं। शोषण का कारण हमेशा उस व्यक्ति की मानसिकता होती है जो अपराध करता है। जब कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ गलत व्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी केवल और केवल उसी व्यक्ति की होती है। इसे महिला स्वतंत्रता या उसके व्यवहार से जोड़ना न केवल गलत है बल्कि यह पीड़िता को ही दोषी ठहराने जैसा है।

समाज में एक धारणा यह भी है कि यदि महिलाएं पिता, भाई या पति की निगरानी में रहें तो वे अधिक सुरक्षित रहती हैं। यह विचार पारंपरिक सोच से उत्पन्न हुआ है, जहां सुरक्षा और नियंत्रण को एक ही माना गया। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं के साथ शोषण उनके परिचितों या परिवार के भीतर ही हुआ है। इसका अर्थ यह है कि केवल निगरानी या नियंत्रण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता। सुरक्षा का संबंध व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने से नहीं बल्कि समाज में न्याय, कानून और जागरूकता की मजबूती से है। यह भी कहा जाता है कि महिलाएं स्वभाव से भावुक होती हैं और इसी कारण वे आसानी से किसी के प्रभाव में आ जाती हैं। हालांकि यह आंशिक रूप से सही हो सकता है कि महिलाएं भावनात्मक रूप से अधिक अभिव्यक्त होती हैं लेकिन इसे उनकी कमजोरी मान लेना बड़ी भूल है। भावनाएं मानव स्वभाव का हिस्सा हैं, चाहे वह पुरुष हो या महिला। असल समस्या तब उत्पन्न होती है जब कोई व्यक्ति इन भावनाओं का गलत फायदा उठाता है। इसलिए समाधान यह नहीं है कि महिलाओं की भावनाओं को दबा दिया जाए या उनकी स्वतंत्रता सीमित कर दी जाए बल्कि यह है कि समाज में ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो दूसरों का शोषण करते हैं।

आधुनिक समाज में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और अपने निर्णय लेने का अधिकार मिला है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, जिसने उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी आई हैं। स्वतंत्रता का सही उपयोग करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। यह केवल महिलाओं पर ही नहीं, बल्कि पुरुषों पर भी लागू होता है। यदि कोई व्यक्ति गलत निर्णय लेता है, तो उसका परिणाम उसे भुगतना पड़ सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि स्वतंत्रता ही गलत है। स्वतंत्रता का दुरुपयोग और स्वतंत्रता स्वयं- दोनों में अंतर समझना आवश्यक है।

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि पहले के समय में महिलाएं अधिक सुरक्षित थीं क्योंकि वे घर की चारदीवारी में रहती थीं। लेकिन यह धारणा भी पूरी तरह सही नहीं है। उस समय भी महिलाओं के साथ अन्याय और शोषण होता था लेकिन वे आवाज नहीं उठा पाती थीं। आज के समय में कम-से-कम महिलाएं अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो सकती हैं, अपनी बात कह सकती हैं और न्याय की मांग कर सकती हैं। यह बदलाव समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

रेप और अन्य अपराधों के बढ़ते आंकड़े निश्चित रूप से चिंता का विषय हैं। लेकिन इनका कारण महिलाओं की स्वतंत्रता नहीं बल्कि अपराधियों की मानसिकता, कानून का कमजोर क्रियान्वयन और समाज में व्याप्त गलत सोच है।

यदि किसी समस्या का समाधान खोजना है तो उसके वास्तविक कारणों को समझना होगा। महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित करना समस्या का समाधान नहीं है बल्कि यह एक तरह से समस्या से भागने जैसा है।

इसके विपरीत, हमें ऐसे समाज की कल्पना करनी चाहिए जहां महिलाएं सुरक्षित भी हों और स्वतंत्र भी। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, शिक्षा प्रणाली में लैंगिक समानता और सम्मान के मूल्यों को शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को बचपन से ही यह सिखाया जाना चाहिए कि हर व्यक्ति का सम्मान करना जरूरी है। दूसरा, कानून व्यवस्था को मजबूत करना होगा ताकि अपराधियों को जल्द और सख्त सजा मिल सके। तीसरा, महिलाओं को आत्मरक्षा और आत्मविश्वास के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना कर सकें।

इसके अलावा, मीडिया और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। महिलाओं को केवल एक वस्तु के रूप में प्रस्तुत करना या उनके चरित्र पर सवाल उठाना बंद करना होगा। समाज को यह समझना होगा कि महिला की गरिमा उसके कपड़ों, उसके व्यवहार या उसके निर्णयों से नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व से जुड़ी होती है।

अंततः, यह कहना गलत नहीं होगा कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उनकी सुरक्षा- दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। किसी एक को दूसरे के खिलाफ खड़ा करना गलत दृष्टिकोण है। हमें ऐसा संतुलन बनाना होगा, जहां महिलाएं अपने अधिकारों का पूरी तरह से उपयोग कर सकें और साथ ही उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण का डर न हो।

समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब उसमें हर व्यक्ति- चाहे वह पुरुष हो या महिला-सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सके। महिलाओं को ह्लनिगरानीह्व में रखने के बजाय उन्हें ह्लसशक्तह्व बनाना ही सही दिशा है। यही एक ऐसा रास्ता है, जो न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पचास फीसद सीट वृद्धि पर भ्रामक है कांग्रेस का विमर्श

> सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि भारत की संसद और विशेष रूप से लोकसभा की संरचना समय के साथ स्थिर नहीं रही है, इसमें कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। 1952 में पहली लोकसभा के गठन के समय कुल सीटों की संख्या 489 थीं, 1957 में सीटों की संख्या बढ़कर 494 हो गई।

**डॉ. मयंक**

वर्तमान बजट सत्र के दौरान लोकसभा की सीटों में पचास प्रतिशत वृद्धि के संभावित प्रस्ताव को लेकर देश की राजनीति में एक नया विमर्श खड़ा किया जा रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे दक्षिण और छोटे राज्यों के खिलाफ एक ह्लसाजिशह्व के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है, परंतु इस पूरे मुद्दे का विश्लेषण यह संकेत देता है कि यह विमर्श तथ्यों से अधिक आशंकाओं और राजनीतिक पूर्वाग्रहों पर आधारित है। इसे कांग्रेस की ह्लनासमझी की पराकाष्ठाह्व कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा!

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि भारत की संसद और विशेष रूप से लोकसभा की संरचना समय के साथ स्थिर नहीं रही है, इसमें कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। 1952 में पहली लोकसभा के गठन के समय कुल सीटों की संख्या 489 थीं, 1957 में सीटों की संख्या बढ़कर 494 हो गई। 1967 के परिसीमन के बाद सीटों की संख्या बढ़कर 520 कर दी गई जोकि 1973 (31वां संविधान संशोधन) जब सीटों की संख्या में बड़ी वृद्धि की गई। 1971 की जनगणना के आधार पर 1977 तक सीटों को 525 से बढ़ाकर 545 (543 निर्वाचित + 2 मनोनीत) कर दिया गया। वस्तुतः कांग्रेस को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि यह वृद्धि देश की बढ़ती जनसंख्या और प्रतिनिधित्व की आवश्यकता को ध्यान में रखकर की गई थी।

इसके बाद 42वां संविधान संशोधन (1976) के तहत परिसीमन की प्रक्रिया को वर्ष 2001 तक स्थगित कर दिया गया। बाद में 84वां संविधान संशोधन के माध्यम से इस स्थगन को 2026 तक बढ़ा दिया गया। इसका उद्देश्य था कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास किए हैं, उन्हें प्रतिनिधित्व में नुकसान न हो। यही संदर्भ बताता है कि संसद की सीटों का निर्धारण एक जटिल और संतुलित प्रक्रिया है, न कि किसी एक सरकार की मनमानी का परिणाम। ऐसे में कांग्रेस द्वारा यह आरोप लगाना कि नरेंद्र मोदी सरकार जबरन पचास फीसद सीट वृद्धि का बिल ला रही है, तथ्यों से परे प्रतीत होता है।

नए संसद भवन में लोकसभा के लिए 888 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जो भविष्य में होने वाली संभावित वृद्धि की ओर संकेत करती है। अब वर्तमान में 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के आधार पर सीटों की संख्या को 543 से बढ़ाकर 800+ करने के प्रस्तावों पर चर्चा चल रही है। जिसमें कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अपने बयान में दक्षिणी राज्यों को संभावित नुकसान की बात कही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु की सीटों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया, परंतु उनका यह तर्क अधूरा है क्योंकि यह केवल संख्यात्मक वृद्धि को देखता है, प्रतिनिधित्व के व्यापक सिद्धांत को नहीं। वस्तुतः वे कैसे भूल सकते हैं कि लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व का मूल आधार जनसंख्या होती है। यदि किसी राज्य की जनसंख्या अधिक है तब स्वाभाविक रूप से उसके प्रतिनिधियों की संख्या भी अधिक होगी। यह सिद्धांत न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व के अधिकांश लोकतंत्रों में लागू होता है। ऐसे में यदि उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 120 होती हैं और तमिलनाडु की 39 से 59 तो यह वृद्धि अनुपातिक ही मानी जाएगी।

इसके अलावा, यह भी ध्यान देने योग्य है कि प्रस्तावित वृद्धि सभी राज्यों में समान प्रतिशत (50फीसद) के आधार पर की जा रही है। इससे किसी भी राज्य के वर्तमान अनुपात में तत्काल कोई बदलाव नहीं होगा। कांग्रेस का यह दावा कि इससे ह्लगहरे प्रभावह्व होंगे, अधिकतर काल्पनिक आशंकाओं पर आधारित है। मनीष तिवारी ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए परिसीमन को फ्रीज करने या नया फामूर्ला खोजने की बात कही है, किंतु यह दृष्टिकोण भी व्यवहारिक नहीं लगता। यदि जनसंख्या बढ़ रही है और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को प्रभावी बनाना है, तब सीटों की संख्या बढ़ाना एक स्वाभाविक और आवश्यक कदम है। महिला आरक्षण के संदर्भ में भी इस प्रस्ताव को देखा जाना चाहिए। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए सीटों की संख्या बढ़ाना एक व्यावहारिक समाधान हो सकता है। इससे वर्तमान प्रतिनिधियों की सीटें सुरक्षित रहने के साथ ही नए अवसर भी पैदा होंगे। वहीं कांग्रेस का यह तर्क देना कि इससे दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों को नुकसान होगा, एक प्रकार से क्षेत्रीय असंतोष को बढ़ावा देने का प्रयास प्रतीत होता है। जबकि वास्तविकता यह है कि परिसीमन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, जोकि सभी राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेता है। अरे, इसका तो गठन ही जनगणना के आधार पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण करने के लिए होता है। जिसे स्वयं राष्ट्रपति अनुच्छेद 82 के अंतर्गत करते हैं। इस संबंध में अब तक एतिहासिक संदर्भ यही बताते हैं कि संसद में परिवर्तन हमेशा व्यापक सहमति और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुए हैं। चाहे वह 1976 का संशोधन हो या 2001 का, सभी निर्णयों का उद्देश्य देश की एकता और लोकतांत्रिक संतुलन को बनाए रखना रहा है। आज जब भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, तब संसद की संरचना को भी समय के अनुसार विकसित करना आवश्यक है। जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना वर्तमान भारतीय लोकतांत्रिक आवश्यकता है, निश्चित ही यह शासन की प्रभावशीलता को भी बढ़ाएगा।

कुल सार रूप में यहां कहना यही है कि आज कांग्रेस का इस मुद्दे पर खड़ा किया गया विमर्श तथ्यों की बजाय राजनीतिक आशंकाओं पर आधारित है। संसद की सीटों में वृद्धि एक दीर्घकालिक और आवश्यक सुधार है, जिसे क्षेत्रीय दृष्टिकोण से नहीं बल्कि राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए, इसलिए जरूरी यह है कि इस विषय पर गंभीर और तथ्यात्मक चर्चा हो, न कि भ्रम और भय फैलाने वाली राजनीति। हम सतत एक मजबूत, संतुलित और समावेशी लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ते रहें, इसके लिए यही आवश्यक है कि देश में राजनीतिक या सामाजिक स्तर पर कोई झूठा नैरेटिव न गढ़े, जोकि इस वक्त कांग्रेस गढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

# शनि मंगल की युति से बना अशुभ योग, देश दुनिया में घट सकती है बड़ी घटनाएं

मीन राशि में मंगल के साथ शनि की युति 2 अप्रैल से 11 मई तक रहेगी। शनि और मंगल को उग्र ग्रह माना गया है। अप्रैल के महीने में करीब 30 साल बाद एक साथ 4 ग्रहों की युति मीन राशि में बनने जा रही है। 2 अप्रैल को मीन राशि में मंगल प्रवेश कर चुके हैं। इसके बाद 3 उग्र ग्रह सूर्य, मंगल और शनि एक साथ मीन राशि में गोचर करेंगे। इनके साथ बुध भी यहां मौजूद रहेंगे। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि मंगल गोचर मीन राशि में 2 अप्रैल को प्रवेश कर चुके हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार 18 महीने बाद गुरु की राशि मीन में मंगल प्रवेश कर चुके हैं। जहां सूर्य, शनि और शुक्र पहले से ही विराजमान हैं। ऐसे में मंगल के गोचर से शनि मंगल योग भी बनेगा। मंगल और शनि दोनों को पाप ग्रह माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में दोनों क्रूर ग्रहों की युति को प्रतिकूल प्रभाव देना वाला माना जाता है। इन दोनों ग्रहों की युति से देश दुनिया में अप्रिय घटनाएं घटने की संभावना है। वर्तमान समय में कई देशों में चल रही युद्ध की स्थिति और तेज हो सकती है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि युद्ध के कारक ग्रह मंगल एक राशि में 45 दिनों तक गोचर करते हैं। 17 फरवरी को कुंभ राशि में पड़े सूर्य ग्रहण के बाद जब मंगल ने 23 फरवरी को इस राशि में प्रवेश किया उसके बाद से वैश्विक राजनीति तेजी से बदली। मंगल के ग्रहण की राशि कुंभ में राहु और सूर्य से युति के तुरंत बाद 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर बड़ा हमला किया और उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित 40 बड़े सैन्य अधिकारियों और नेताओं को मार डाला। अपने ऊपर थोपे गए इस युद्ध का जवाब ईरान ने भी बड़ी प्रतिबद्धता के साथ दिया और अमेरिका-इजराइल सहित उसके खाड़ी देशों के सहयोगियों को बड़ा नुकसान पहुंचाया। अभी हाल ही में 29 मार्च को अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों और ईरान युद्ध के विरोध में कई शहरों में बड़े जनांदोलन हुए।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि जब भी शनि का मंगल से संयोग होता है तो देश और दुनिया में जनविद्रोह, आंदोलन और युद्ध जैसे हालात बन जाते हैं। शनि और मंगल की इस युति को 'द्वंद्व योग' कहा जाता है। शनि अनुशासन और न्याय के देवता हैं, जबकि मंगल अग्नि और साहस के। मीन राशि (जल तत्व) में इनका मिलन मानसिक अशांति और वैचारिक मतभेद पैदा कर सकता है। मीन राशि समुद्र और जल का प्रतिनिधित्व करती है, इसलिए इस समय के दौरान समुद्री तूफान या जल से संबंधित प्राकृतिक आपदाओं की संभावना बढ़ जाती है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि मंगल 2 अप्रैल से 2026 से 11 मई 2026 तक मीन राशि में रहेंगे। यानी कि 11 मई तक मंगल व शनि की युति सक्रिय रहेगी। वहीं सूर्य 14 अप्रैल तक मीन राशि में रहेंगे और उसके बाद मेष राशि में गोचर कर जाएंगे। लिहाजा मंगल-शनि की युति सूर्य के साथ 14 अप्रैल तक रहेगी। अग्नि तत्व वाले मंगल ग्रह युद्ध और हिंसा के कारक हैं। राजनीति, न्याय के कारक उग्र ग्रह शनि के साथ मीन राशि में युति कर रहे हैं। इतना ही नहीं वहां अग्नि तत्व वाले सूर्य ग्रह भी मौजूद हैं। ऐसे में मंगल-शनि और सूर्य का साथ भयावह साबित हो सकता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि अप्रैल के महीने में करीब 30 साल बाद एक साथ 4 ग्रहों की युति मीन राशि में बनने जा रही है। 2 अप्रैल को मीन राशि में मंगल प्रवेश कर चुके हैं। इसके बाद 3 उग्र ग्रह सूर्य, मंगल और शनि एक साथ मीन राशि में गोचर करेंगे। इनके साथ बुध भी यहां मौजूद रहेंगे। साल 1996 में भी शनि मंगल, सूर्य और बुध की युति मीन राशि में बनी थी। साल 1996 में जब ग्रहों की ऐसी युति हुई थी उस समय कई आपदाएं और दुर्घटनाएं घटित हुई थी। इस समय न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड के पास विमान में विस्फोट हो गया था। उस विमान दुर्घटना में करीब 230 लोगों की जान गई थी। इसके अलावा साओ पाउलो के शॉपिंग सेंटर पर विस्फोट होने से करीब 44 लोग की जान चली गई थी और भी कई ऐसी घटनाएं उस वर्ष घटित हुई थी।

भविष्यवक्ता और कुंडली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि मेदिनी ज्योतिष के ग्रंथ भविष्यफल भास्कर और वर्ष प्रबोध के अनुसार मंगल की पाप ग्रह शनि से युति महंगाई बढ़ाने वाली होती है। ऐसा में हम वर्ष 2022 में भी देख चुके हैं जब मंगल और शनि की युति पहले फरवरी मार्च में मकर राशि में हुई उसके बाद अप्रैल में कुंभ राशि में दोनों ग्रहों की युति हुई जिसके चलते उस समय रूस-यूक्रैन के युद्ध के कारण दुनियाभर में आनाज, धातुओं आदि की कीमतों में तेजी आने से महंगाई बढ़ गयी थी। इस वर्ष मंगल की युति पहले पाप ग्रह राहु से फरवरी मार्च में हुई और अब शनि से मंगल की युति अप्रैल मई में रहेगी। भविष्यवक्ता और कुंडली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि आजाद भारत की स्थापना कुंडली (15 अगस्त 1947, मध्य रात्रि, दिल्ली) वृषभ लग्न की है जिसमें मंगल में राहु में गुरु की कठिन विंशोत्तरी दशा 4 अप्रैल से 25 मई तक चलेगी। मंगल धन स्थान में अपनी शत्रु राशि मिथुन में बैठे हैं और राहु लग्न में विरजमान हैं। अब अष्टम (स्कैंडल) और एकादश (लाभ) स्थान के स्वामी गुरु का प्रत्यंतर 4 अप्रैल से 25 मई तक भारत में राजनीतिक उठा-पठक, स्कैंडल, महंगाई, बेरोजगारी बढ़ने से केंद्र सरकार को बड़ी समस्या दे सकता है।)

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## तीनपहाड़ के जोंका गांव में श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**साहिबगंज :** तीनपहाड़ क्षेत्र अंतर्गत जोंका गाँव स्थित बजरंग बली चौक के समीप श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।वहीं यह धार्मिक कार्यक्रम 05 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 13 अप्रैल 2026 तक विधिवत रूप से संपन्न होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर शनिवार की सुबह 501 कन्याएं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष शामिल हुए।कलश यात्रा पूरे गाँव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई।इस अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ कार्यक्रम में भाग लेते नजर आए।अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध कथा वाचक धंनजय वैष्णव जी महाराज ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन प्रवचन,भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे,जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में सैंकड़ों स्थानीय ग्रामीणों एवं दर्जनों समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## मंडरो प्रखंड में कांग्रेस का जन संवाद एसआईआर प्रशिक्षण शिविर संपन्न




**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड में एक दिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.विमल देव भगत ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी झारखंड में होने वाले एस.आई.आर प्रक्रिया को लेकर पार्टी कार्यकताओं को जागरूक और प्रशिक्षित करना था।इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक पंचायत स्तर पर कार्यरत बूथ लेवल एजेंट को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में बीएलए मास्टर ट्रेनर मुरसलीन खान व सरफराज आलम द्वारा उपस्थित कार्यकताओं को एस.आई.आर से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश,प्रक्रिया व उनकी जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## चलती वाहन में लगी आग,हाइवा जलकर हुआ खाक



**साहिबगंज/बोरियो :** थाना क्षेत्र के बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य पथ के हरिनचरा के समीप रविवार अहले सुबह चलती हाइवा में लगी आग।मिली जानकारी के अनुसार सुबह 5 बजे के करीब तीनपहाड़ की ओर से बोरियो होते हुए महागामा जा रही थी इसी दौरान चलती वाहन में शॉर्ट सर्किट लगने से आग लग गई।देखते ही देखते आग पूरी हाइवा में भयावह रूप ले लिया जिससे हाइवा धूं-धूं कर जलकर खाक हो गया।हालांकि की चालक एवं उपचालक समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।आग की लपटों की भव्यता के वजह से मुख्य सड़क जाम होकर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।इधर घटना की सूचना बोरियो पुलिस को मिलते ही थाना के एएसआई प्रभाशंकर दुबे एवं वीरम मरांडी दलबल के साथ पहुंचकर क्षेत्र को नियंत्रण में लेकर छानबीन मे जुट गई।एवं दमकल कर्मियों के द्वारा घंटों बाद आग पर काबू पाया गया।इसके बाद दोनों ओर जाम में फंसे वाहनों का परिचालन सुचारू रूप से बहाल किया गया।

## चांदमारी ग्रामीणों की शिकायत पर संजीव सिंह ने आउटसोर्सिंग को चेताया

**धनबाद :** चांदमारी क्षेत्र के ग्रामीणों की शिकायत आउटसोर्सिंग के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद धनबाद के मेयर संजीव सिंह ने रविवार को क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने मेयर को बताया कि क्षेत्र में चल रहे आउटसोर्सिंग कार्य के तहत भारी ब्लास्टिंग और अनियमित तरीके से कार्य किए जाने के कारण उनके घरों में दरार पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

लोगों ने यह भी बताया कि लगातार हो रही तेज ब्लास्टिंग से जान-माल की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल बना रहता है और कई परिवार अपने घरों में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। संजीव सिंह ने पूरे मोहल्ले का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया और संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि आउटसोर्सिंग कार्य सभी निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी से क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा खतरे में नहीं डाली जा सकती।

# झारखंड में सहायक अध्यापकों का शोषण लगातार कर रही है : वीरेंद्र ठाकुर

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत साहिबगंज जिला के तमाम प्रखंड में आकलन पास प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र हरि बोरियो प्रखंड में बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रवि कुमार एवं रेखा कुमारी,तालझारी प्रखंड में बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गमाल हेंब्रम,मंडरो प्रखंड में बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सचिव वीरेंद्र ठाकुर ने किया। अलग-अलग प्रखंडों में सहायक अध्यापकों की बैठक में मौजूद सहायक अध्यापकों ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सहायक अध्यापकों का शोषण लगातार कर रही है एवं विगत समझौता के 19 महीने बाद भी समझौते का अनुपालन करने में सरकार एवं उनके अधिकारियों को तनिक भी रुचि नहीं है मजबूर होकर सहायक अध्यापक रोड पर अब उतरने को विवश हो चुके हैं

**सहायक अध्यापकों की मांग**

विगत 28 /08/ 2024 को सरकार के साथ लिखित समझौता के तहत आकलन परीक्षा को टेट के समतुल्य मान्यता दी जाए ,बिहार में दक्षता परीक्षा को टेट के समतुल्य मान्यता दी गई है।कार्यरत सहायक अध्यापकों के लिए विभागीय टेट का आयोजन करवाया जाए एवं टेट परीक्षा का कट ऑफ मार्क्स बिहार की तर्ज पर 10% सभी केटेगरी में कम किया जाए,प्रस्तावित टेट परीक्षा में संथाल परगना प्रमंडल के लिए क्षेत्रीय भाषा में अंगिका पलामू प्रमंडल के लिए भोजपुरी मगही एवं सभी जिला में उर्दू भाषा को शामिल किया जाए,वर्तमान में संथाल परगना प्रमंडल एवं साहिबगंज जिला में क्षेत्रीय भाषा खोरठा को जबरदस्ती सरकार थोपने का प्रयास कर रही है। प्रस्तावित टेट परीक्षा में प्राथमिक वर्ग में नियुक्त सहायक अध्यापकों के लिए इंटरमीडिएट उतीर्ण की न्यूनतम योग्यता का निर्धारण किया जाए , वर्तमान में इंटर में न्यूनतम 50% अंकों की बाध्यता रखी गई है जिससे हजारों सहायक अध्यापक टेट परीक्षा में बैठने से वंचित हो जाएंगे, सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार सहायक अध्यापकों को समान काम का समान वेतन दिया जाए वर्तमान में झारखंड सरकार के द्वारा अनुबंध कर्मचारियों को वेतनमान के समतुल्य मानदेय भुगतान प्रदान किया जा रहा है, जबकि सरकार सहायक अध्यापकों को अनुबंध कर्मचारी मानती है लेकिन मानदेय भुगतान का अंतर तकरीबन 15000 रखा गया है,सहायक अध्यापकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष की जाए एवं वार्षिक वृद्धि 4% चक्रवृद्धि बढ़ोतरी के रूप में प्रदान किया जाए जैसा की कैबिनेट से पारित किया गया था वर्तमान में वार्षिक बढ़ोतरी को फिक्स कर दिया गया है,उपरोक्त 6 सूत्री मांग को लेकर झारखंड के तकरीबन 45000 आकलन पास एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक सरकार के खिलाफ आंदोलन का आगाज कर चुके हैं जिसके प्रथम चरण में 5 अप्रैल को तमाम प्रखंड कमेटी की बैठक आयोजित की गई, यह बैठक झारखंड के तमाम 264 प्रखंड में आयोजित की गई है।अगर सरकार 12 अप्रैल तक झारखंड राज्य आकलन प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के साथ माननीय मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय बैठक नहीं करवाती है तो आगामी 18 अप्रैल 2026 से माननीय मुख्यमंत्री आवास के समक्ष धरना प्रदर्शन सह आमरण अनशन प्रारंभ किया जाएगा एवं यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।



बैठक में प्रदेश महासचिव विकास कुमार चौधरी, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शाह,प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र हरि, रवि कुमार, मनोज हरिजन, धर्मराज मंडल, जितेंद्र शाह, जितेंद्र दुबे, वीरेंद्र ठाकुर, शहादत, अशरफी, चंद्रकांत ठाकुर, सुशांत मंडल, रेहान अंसारी, प्रखंड सचिव मनोज कुमार, अनिल यादव,हरि यादव, देवेंद्र कुमार, मुजीबुर रहमान, मोहसिन अजमल, रेखा कुमारी, स्नेहलता कुमारी,नूतन कुमारी, रश्मि रंजन,मोनी कुमारी, फुलवंती कुमारी, नीरज सिंह, सहित प्रखंड कमेटी के सभी सदस्य जिला कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद थे।

## अवैध शराब तस्करी पर चला ब कानूनी डंडा, 8300 बोतल शराब बरामद

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** आरपीएफ ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब तस्करी पर लगाम लगाते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है ,बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि उनके दिशा निदेर्शानुसार ,हेड कांस्टेबल, अजीत कुमार, कांस्टेबल, राजीव कुमार एवं कांस्टेबल, मनीष कुमार सीपी डीएस टीम मालदा द्वारा बरहरवा से साहेबगंज की ओर जाने वाली ट्रेन संख्या 53403 की जांच के दौरान उक्त ट्रेन के पिछले हिस्से से चौथे कोच के बैटरी बॉक्स से दो बोरे कट्टे बरामद किए गए।बरामद बोरों को खोलकर जांच करने पर उसमें अवैध विदेशी शराब बीयर पाई गई।दोनों बोरों को खोलकर जांच की गई, जिसमें निम्नलिखित मात्रा में अवैध शराब पाई गई है।जिसमें



एक रॉयल झारखंड डीलक्स लिकर-100 बोतल प्रत्येक 300 एम एल कुल मात्रा 30,000 एम एलअनुमानित कीमत ₹6,500 गॉडफादर कैन बीयर 12 कैन प्रत्येक 500 एम एएल कुल मात्रा 6,000 एम एलअनुमानित कीमत ₹1,800 दोनों की कुल कीमत8,300है।उपरोक्त बरामद शराब एवं बीयर को इंस्पेक्टर बरहरवा द्वारा उपस्थित गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त किया गया। जब्त सामग्री को आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया।आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु इस संबंध में आबकारी विभाग साहिबगंज को सूचित किया गया। जब्त की गई शराब को अग्रिम कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग साहिबगंज को सुपुर्द किया गया।कार्यवाही को लेकर बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाशत नहीं कि जाएगी।पकड़े जाने पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 17 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी

**संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से 17 शिक्षककेत्तर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें से ज्यादातर लोग औचक निरीक्षण के दौरान अपने-अपने दफ्तर में बिना छुट्टी लिए अनुपस्थित पाए गए थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलसचिव डॉ। प्रणिता ने बताया कि कुछ कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं और बिना सूचना के अनुपस्थित रहते हैं। इसकी मौखिक शिकायत लगातार मिल रही थी।

मौखिक शिकायत पर कार्रवाई करने से पूर्व औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जो लोग बिना लिखित सूचना के अनुपस्थित पाए गए, उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया है। इन्होंने आगे बताया कि यह गलत परिपाटी है और इससे विश्वविद्यालय के कार्य पर



प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इसके साथ ही ऐसे लोगों के कारण समय पर आकर निष्ठा के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी मनोबल टूटता है।

विश्वविद्यालय का कोई भी कार्य प्रभावित होता है तो उसका सीधा नुकसान हमारे विद्यार्थियों को होता है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों से पूछा गया है कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों ना की जाए?। उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए तीन दिनों का समय दिया गया है। उनका उत्तर संतोषजनक नहीं होने से इस मसले पर विश्वविद्यालय के कुलपति को अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पिछले दिनों प्रभारी कुलपति डॉ। रेनू बोस को कुलपति कक्ष में नहीं बैठने देने की घटना से वह काफी आहत है। कुलपति प्रो। चंद्र भूषण शर्मा को जाना है, वह विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विशेषकर सभी महिलाओं के प्रति बहुत सम्मान भाव रखते हैं। इन्होंने इस तरह का आदेश दिया है, यह विश्वास नहीं किया जा सकता है।

ऐसे अमर्यादित आचरण के लिए दोषी कर्मचारी विश्वविद्यालय सेवा में नहीं हैं। अनुबंध पर उनकी नियुक्ति हुई है। विश्वविद्यालय की सारी गोपनीयता और कुलपति कार्यालय में अपनी पदस्थापना का दुरुपयोग का इन पर गंभीर आरोप है। उनके आचरण से विश्वविद्यालय की काफी बदनामी हुई है।

## ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है : स्टीफन मुर्मू

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखण्ड के राझन में जेएसएससी राझन द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू और बोरियो प्रखण्ड पमुख शांति बास्की द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों, युवाओं एवं सम्मानित ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत भव्य बना दिया।खिलाड़ियों का जोश,अनुशासन और खेल भावना देखने योग्य था।झामुमो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू ने कहा की इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देते हैं और क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।उन्होंने आयोजन समिति जेएसएससी राझन को इस



सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना किया।वही पहला दिन का पहला मैच एफसी कटिहार बिहार और जूनियर बड़ोली बयार शिकारीपारा दुमका के बीच जिसमे एफसी कटिहार बिहार ने 2 - 0 से जीता।दूसरा मैच बी एम एफ सी पूर्णिया और बी एस के कॉलेज बरहरवा के बीच खेला गया।जिसमे बी एस के कॉलेज ने 3-0 से जीता।तीसरा मैच चाँदू हिरला साहेबगंज और जवरा डॉगा माकदा पश्चिम बंगाल के बीच खेला गया जिसमें जतरा डॉगा मालदा ने पेनाल्टी शुट आऊट में 5-4 से जीता।चौथा मैच पुलीस स्टेशन बोरियो और यंग वरियर गिरीडीह के बीच खेला गया।जिसमे।पुलीस स्टेशन बोरियो ने 3-2 से मैच जीता।पहला क्वाटर फाइनल मैच एफ सी कटिहार बिहार और बी एस के कॉलेज के खेला गया।दोनो टीमें दो दो मैदानी गोल से बराबरी रहे।टाई बेकर चल रहा है।ट्राई ब्रेकर में बी एस के कॉलेज ने 5-4 से मैच को जीत पहला सेमी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।वही टूनार्मेंट में प्रथम पुरस्कार 5,00,000,द्वितीय पुरस्कार 4,00,000,तृतीय पुरस्कार 1,00,000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 1,00,000 रखा गया।

## उपभोक्ता प्रोत्साहन पर बीसीसीएल का जोर

**धनबाद :** बीसीसीएल की ओर से ई-नीलामी उपभोक्ताओं के लिए छह अप्रैल को कम्युनिटी हॉल, कोयला नगर में बिडर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक उन सफल बोलीदाताओं (बिडर्स) के लिए आयोजित की जा रही है, जिन्होंने सीआईएल एसडब्ल्यूएमए ई-नीलामी के अंतर्गत 18 मार्च से 2 अप्रैल तक विभिन्न तिथियों के दौरान आयोजित ई-ऑक्शन में कोयला बुक किया है। साथ ही 7 अप्रैल को प्रस्तावित नीलामी के प्रतिभागियों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसे उपभोक्ता/ग्राहकों के लिए प्रोत्साहन नीति के रूप में देखा जा रहा है। बिडर्स मीट में विशेष रूप से कैश बैक डिस्काउंट योजना (वास्तविक उठाव के आधार पर) के अंतर्गत सफल बोलीदाताओं के लिए किया जा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण कोयले के सुगम एवं समयबद्ध उठाव को सुनिश्चित करना है ताकि बुक किए गए कोयले का प्रभावी रूप से निष्पादन किया जा सके।बैठक में बीसीसीएल शीर्ष प्रबंधन, कोयला भवन मुख्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी सहित कोयला प्रेषण से जुड़े हितधारक, ऑपरेटर एवं परिवहनकर्ता भी भाग लेंगे, जिससे रेल एवं सड़क मार्ग से कोयला प्रेषण से संबंधित सभी मुद्दों का व्यापक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।इस बिडर्स मीट से बीसीसीएल उपभोक्ताओं के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करने तथा कोयला आपूर्ति प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुगम एवं उपभोक्ता-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

## सती अनुसूया माता जयंती आज

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** हिंदू पंचांग के अनुसार सती अनुसूया जयंती वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाई जाती है। यह तिथि इस बार 6 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को पड़ रही हैं। माता अनुसूया को पतिव्रता धर्म, त्याग और तपस्या का प्रतीक माना जाता है। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, संतान की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं और माता अनुसूया की पूजा करती हैं। सती अनुसुया जयंती प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष माह की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाई जाती है। 6 अप्रैल को माता अनुसूया का जन्मोत्सव मनाया जाएगा ।त्रिदेवों की माता बनने की अद्भुत कथा पौराणिक कथाओं के अनुसार सती अनुसुइया के पतिव्रत धर्म की चर्चा तीनों लोकों में होने लगी। जब देवर्षि नारद ने बैकुंठ कैलाश और ब्रह्मलोक में जाकर अनुसुया के सतीत्व की प्रशंसा की, तो माता लक्ष्मी, माता पार्वती और माता सरस्वती के मन में ईर्ष्या परीक्षा लेने का भाव जागृत हुई।

**माता हठ और त्रिदेवों की परीक्षा**

तीनों देवियों के अनुरोध पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश पृथ्वी लोक पर महर्षि अत्रि के आश्रम पहुँचे। उस समय महर्षि अत्रि आश्रम में नहीं थे। त्रिदेवों ने साधु का वेष धारण किया और माता अनुसुया से भिक्षा मांगी। लेकिन उन्होंने एक कठिन शर्त रख दी है ।देवी हम भिक्षा तभी स्वीकार करेंगे जब आप पूर्णतः निर्वस्त्र होकर हमें भोजन कराएंगी।

**सतीत्व का चमत्कार**

माता अनुसुया धर्मसंकट में पड़ गईं। बिना वस्त्र के भिक्षा देना मयार्दा के विरुद्ध था और अतिथि को खाली हाथ लौटाना पाप था। उन्होंने अपने पति का



स्मरण किया और मन ही मन कहा यदि मेरा पतिव्रत धर्म सत्य है, तो ये तीनों अतिथि अबोध बालक बन जाएं।क्षण भर में ही जगत के स्वामी ब्रह्मा, विष्णु और महेश पालने में लेटे हुए छोटे-छोटे शिशु बन गए। माता अनुसुया ने ममता के साथ उन्हें गोद में लिया, स्तनपान कराया और पालने में झुलाने लगीं।जब बहुत समय तक त्रिदेव वापस नहीं लौटे, तो तीनों देवियां चिंतित होकर आश्रम पहुँचीं। वहां उन्होंने अपने स्वामियों को बाल रूप में देखा। देवियों ने माता अनुसुइया से क्षमा मांगी और अपने स्वामियों को पुनः मूल रूप में लाने की विनती की।माता अनुसुइया ने प्रसन्न होकर त्रिदेवों को उनके वास्तविक स्वरूप में लौटा दिया। तब प्रसन्न होकर त्रिदेवों ने उन्हें वरदान दिया कि वे उनके पुत्र के रूप में जन्म लेंगे।ब्रह्मा जी के अंश से ह्यचंद्रमाह्न का जन्म हुआ।विष्णु जी के अंश से ह्यदत्तात्रेयह्न का जन्म हुआ।शिव जी के अंश से ह्यदुवार्सा ऋषिह्न का जन्म हुआ।इसी कारण माता अनुसुइया को ह्यत्रिदेवों की माताह्न होने का गौरव प्राप्त है।इन्हें क्यों दिया जाता है सर्वोच्च दर्जा ?हिंदू धर्म में अनुसुइया का स्थान सर्वोच्च है क्योंकि उन्होंने सिद्ध किया कि भक्ति और सतीत्व की शक्ति ईश्वर की शक्ति के समानांतर हो सकती है।मयार्दा की मिसाल उन्होंने अपनी बुद्धि से धर्म और मयार्दा दोनों की रक्षा की। सृष्टि का आधार उन्होंने दिखाया कि एक स्त्री में मां का भाव इतना प्रबल होता है कि वह ईश्वर को भी पुत्र की तरह स्नेह दे सकती है।अकाल का निवारण कहा जाता है कि एक बार जब 10 वर्षों तक वर्षा नहीं हुई, तब माता अनुसुइया ने अपनी तपस्या के बल पर फल-फूल उत्पन्न किए और गंगा की धारा मंदाकिनी को धरती पर उतारा।सती अनुसुइया का जीवन हमें सिखाता है कि मानसिक पवित्रता और अपने धर्म के प्रति अटूट निष्ठा से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उनकी जयंती केवल एक तिथि नहीं बल्कि नारी शक्ति और मातृत्व के सम्मान का दिन है।

# फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट 2026, राउंड 7: वैशाली की लगातार दूसरी जीत, प्रज्ञानानंद और दिव्या ने खेला ड्रॉ

एजेंसी



**नई दिल्ली :** फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट 2026 के सातवें राउंड में भारत की ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने तान झोंगयी को हराकर सात राउंड में चार अंक हासिल कर लिए हैं और वह अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। उनसे आगे अन्ना मुजिचुक 4.5 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं। वैशाली और झोंगयी के बीच मुकाबला मध्य खेल तक ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, लेकिन 36 से 38वीं चाल के दौरान झोंगयी की गलतियों (Rc6, Kg7, Ra1) का वैशाली ने पूरा फायदा उठाया। 38वीं चाल में फ७16 खेलकर वैशाली ने एक प्यादा जीता और काले राजा की ओर रास्ता खोल दिया। इसके बाद ड७16 चाल ने झोंगयी के राजा को और कमजोर कर दिया, जिसका फायदा उठाते हुए वैशाली ने शानदार तालमेल के साथ जीत दर्ज की। वहीं, भारत की दिव्या देशमुख को कैटेरीना लाग्नो के खिलाफ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। मुकाबले के दौरान दिव्या ने बेहतर स्थिति हासिल कर ली थी और रूक एंडगेम में जीत की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन लगातार रूक चेक (Rd8–Rd7+–Rd8) दोहराने से लाग्नो को वापसी का मौका मिल गया। बाद में स्थिति संतुलित हो गई और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अन्य मुकाबलों में अन्ना मुजिचुक ने बिबिसारा असाउबायेवा के साथ ड्रॉ खेलकर अपनी बढ़त कायम रखी, जबकि झू जिनेर और अलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना के बीच भी मुकाबला ड्रॉ रहा। ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानानंद ने फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत की कोशिश की, लेकिन अंततः मुकाबला तीन बार एक जैसी स्थिति (थ्रीफोल्ड रिपिटिशन) के चलते ड्रॉ रहा। अन्य मुकाबलों में हिकारू नाकामुरा और मैथियास ब्लूबाम के बीच ड्रॉ हुआ। अनिश गिरी ने जावोखिर सिंदारोव की जीत की लय को रोकते हुए मुकाबला ड्रॉ कराया। हालांकि सिंदारोव 7 राउंड में 6 अंकों के साथ ओपन वर्ग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

इसके अलावा, चीन के वेई यी ने आंद्रेई एसिपेंको को हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

# आईपीएल 2026: आरसीबी की धमाकेदार जीत, डेविड-पडिक्कल-पाटीदार के तूफान में बहा सीएसके

एजेंसी



**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 43 रन से हराकर आईपीएल 2026 में अपनी ताकत का दमदार प्रदर्शन किया। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 250/3 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। टीम की ओर से टिम डेविड (70*), रजत पाटीदार (48*) और देवदत्त पडिक्कल (50) ने तूफानी पारियां खेलीं। पडिक्कल ने पारी की नींव रखी और लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा, जबकि अंतिम ओवरों में डेविड और पाटीदार ने महज 35 गेंदों में 99 रन की अटूट साझेदारी कर मैच को पूरी तरह आरसीबी के पक्ष में झुका दिया। डेविड ने 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए विरोधी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरूआत खराब रही और टीम लगातार विकेट गंवाती रही। सरफराज खान (50) और प्रशांत वीर (43) ने संघर्ष जरूर किया। वहीं, जेमी ओवर्टन ने 37 रन की दमदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके और आईपीएल में अपने 200 विकेट पूरे किए। उनके अलावा जैकब डफी, अभिनन्दन सिंह और क्रुणाल पांड्या ने दो-दो विकेट चटका कर टीम की जीत में अहम योगदान दिया, जिससे सीएसके की टीम 207 रन पर सिमट गई। इस जीत के साथ आरसीबी ने न सिर्फ मुकाबला अपने नाम किया, बल्कि आईपीएल इतिहास में पहली बार सीएसके के खिलाफ लगातार चार जीत भी दर्ज की। यह प्रदर्शन दर्शाता है कि मौजूदा चैंपियन इस सीजन में भी खिताब बचाने के इरादे से पूरी मजबूती के साथ उतरी है।

### आईपीएलः चिन्नास्वामी में आरसीबी का तूफान, सीएसके पर 43 रन से शानदार जीत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2026 के 11वें मुकाबले में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 43 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस हार के साथ सीएसके को लगातार तीसरी पराजय का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की शुरुआत धीमी रही, लेकिन बाद के ओवरों में टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 20 ओवर में 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की पारी में कुल 19 छक्के और 14 चौके लगे, जिससे दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। शुरूआती चरण में विराट कोहली (28) और फिल साल्ट (46) ने टीम को मजबूत आधार दिया। इसके बाद शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल (50) ने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ते हुए पारी को गति दी। अंतिम ओवरों में कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड (25 गेंदों में 70 रन) ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए आखिरी पांच ओवर में 97 रन जोड़कर स्कोर 250 तक पहुंचाया।

# परिणिति ने राघव चड्ढा पर जताया गर्व

## पैटरनिटी लीव पर संसद में उठाई आवाज को बताया दिल से जुड़ा मुद्दा



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने मंगलवार को संसद में पैटरनिटी लीव का मुद्दा उठाते हुए इसे कानूनी मान्यता देने की मांग रखी। इसके बाद अभिनेत्री परिणिति चोपड़ा ने पति राघव पर गर्व जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। परिणिति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें राघव चड्ढा राज्यसभा में पैटरनिटी लीव का मुद्दा उठा रहे हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने एक लंबा कैप्शन भी साझा किया। परिणिति ने लिखा, ''आज का दिन मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि मैंने आपको सिर्फ एक सांसद के रूप में नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार पिता के रूप में बोलते हुए देखा है। यह पल मेरे लिए यादगार रहेगा। आपने संसद में वही बातें कहीं, जो आप घर पर एक पिता के रूप में हर दिन निभाते हैं। परिणिति ने लिखा, ''हमने इस बारे में कई बार बात की है कि हमारे बच्चे को माता-पिता का बराबर साथ मिलना चाहिए और दोनों को अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभानी चाहिए। जब आपने पैटरनिटी लीव की बात की, तो वह सिर्फ एक पॉलिसी नहीं थी, बल्कि यह आपके दिल से जुड़ा हुआ मुद्दा था। जैसे आप बिना कहे जिम्मेदारी निभाते हैं, समझते हैं कि पालन-पोषण साझा जिम्मेदारी है। अपने पोस्ट में परिणिति ने एक भावुक पंक्ति भी लिखी, जिसमें उन्होंने कहा, ''बच्चे के जन्म पर केवल एक मां का जन्म नहीं होता, बल्कि एक पिता का भी जन्म होता है। परिणिति ने समाज के उस पहलू को भी सामने रखा, जहां कई महिलाएं अकेले ही बच्चे की जिम्मेदारी उठाती हैं। उन्होंने कहा, ''आज आपने बहुत सी मांओं की आवाज को संसद तक पहुंचाया है, जो अक्सर सब कुछ अकेले संभालती हैं और उनकी बातें नहीं सुनी जातीं। अगर इस पहल से कुछ माता-पिता, खासकर मांओं को थोड़ा भी सहारा महसूस होता है, तो यह हमारे लिए एक बड़ी जीत होगी। आप एक अच्छे पिता और सच्चे नेता हैं। मुझे हमेशा आप पर गर्व रहेगा।''

# टाइगर श्रॉफ को एयरोफोबिया!



## कुछ दिन पहले से होती है घबराहट

**जैकी श्रॉफ के मुकाबले उनके बेटे टाइगर श्रॉफ ने ज्यादा फिल्में नहीं की हैं। लेकिन उन्हें स्टंट और एक्शन के लिए जाना जाता है। एक्टर पर्दे पर कितने ही हीरो क्यों न दिखते हों, लेकिन वो असल जिंदगी में प्लेन की यात्रा से डरते हैं।**

**जैकी** श्रॉफ ने कई भाषाओं में कई तरह के किरदार निभाकर प्रसिद्धि हासिल की और स्टार बने। उनके बेटे टाइगर श्रॉफ ने ज्यादातर लीड रोल करके अपने एक्शन रोल से लोगों का ध्यान खींचा है। डायरेक्टर सब्बीर खान की पहली फिल्म 'हीरोपंती' (2014) से लेकर टाइगर ने 'वॉर', 'हीरोपंती 2', 'गणपत', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'सिंघम अगेन' और 'बागी' की चारों फिल्मों में दमदार किरदार निभाए हैं। नतीजतन, वह लगभग हर समय अपनी गठीली और फिट बॉडी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, पर्दे पर जोखिम भरे स्टंट्स को भी आसानी से करने की उनकी क्षमता के लिए फैंस अक्सर उनकी तारीफ करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि टाइगर श्रॉफ को हवाई जहाज से डर लगता है? जी हां, इस साहसी और एडवेंचर भरे एक्टर को असल में हवाई जहाज में ट्रैवेल करने से बेहद डर लगता है। हाल ही में एक इंटरव्यू में टाइगर ने इस बारे में खुलकर बात की और बताया कि वह इस समस्या के समाधान के लिए थेरेपी शुरू करने पर सोच रहे हैं। दरअसल, मैं एक थेरेपिस्ट के पास जाने की सोच रहा हूं क्योंकि मुझे प्लेन में यात्रा से डर लगता है। कुछ साल पहले, मैं एक बहुत ही अशांत प्लाइट में था। तब से, जब भी मुझे उड़ान भरनी होती है, मुझे कुछ दिन पहले से ही घबराहट होने लगती है। पता नहीं क्यों, मैं अभी तक इससे उबर नहीं पाया हूं।

2026 में लगातार प्रोजेक्ट्स रिलीज के बाद

# ब्रेक लेंगी जेंडाया, कहा– कुछ समय के लिए हो जाऊंगी गायब



**बॉलीवुड** में कुछ ऐसे सितारे होते हैं, जो अपने काम, स्टाइल और स्क्रीन प्रेजेंस से हर साल दर्शकों के दिलों पर छा जाते हैं। उन्हीं में से एक हैं अभिनेत्री जेंडाया, जो पिछले कुछ सालों में लगातार बड़ी फिल्मों और चर्चित प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। साल 2026 उनके करियर का बेहद खास साल साबित होने वाला है, क्योंकि इस दौरान उनकी कई बड़ी फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। एक इंटरव्यू में जेंडाया ने खुलकर अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स और भविष्य की योजनाओं पर बात की। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझे बार-बार स्क्रीन पर देखकर बोर नहीं होंगे। मैं सच में फैंस की आभारी हूं, जो मेरे फिल्मों और मेरे करियर को सपोर्ट करते हैं। मैं अपने हर प्रोजेक्ट के लिए दर्शकों के प्यार और समर्थन की शुक्रगुजार हूं।''

उन्होंने आगे कहा, ''इस साल दर्शक मुझे काफी ज्यादा देखने वाले हैं, क्योंकि मेरी कई फिल्में और शोज एक के एक रिलीज होने वाले हैं। इसके बाद मैं थोड़े समय के लिए गायब हो जाऊंगी, यानी ब्रेक ले लूंगी, ताकि खुद को थोड़ा समय दे सकूं और फिर नई एनर्जी के साथ वापसी कर सकूं। जेंडाया की इस साल की शुरुआत फिल्म 'द ड्रामा' से होगी, जो 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में वह एमा हारवुड का किरदार निभा रही हैं, जो एक बुकस्टोर में काम करती है और अपनी शादी की तैयारी करती है। लेकिन शादी से ठीक पहले उसके रिश्ते में एक बड़ा मोड़ आता है, जब उसे अपने पार्टनर के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातों का पता चलता हैं। यह फिल्म रिश्तों, सच्चाई और भावनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके अलावा, उनका चर्चित शो 'यूफोरिया' भी वापसी करने जा रहा है। इसका तीसरा सीजन 12 अप्रैल से शुरू होगा, जिसमें जेंडाया फिर से अपने लोकप्रिय किरदार में नजर आएंगी। यह शो पहले भी अपनी कहानी और किरदारों के कारण काफी चर्चा में रहा है। साल के बीच में जेंडाया निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ टॉम हॉलैंड भी होंगे। यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होगी। इसके ठीक बाद दोनों की जोड़ी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में भी दिखाई देगी, जो 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। इस जोड़ी को पहले भी दर्शकों ने काफी पसंद किया है, इसलिए इस फिल्म से भी बड़ी उम्मीदें लगाई जा रही हैं।

# पसंद की गई 'मुझे ऐसा पति दे भगवान'




**भोजपुरी** सिनेमा आज के समय तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब यह अच्छी कहानियों और मजबूत स्क्रिप्ट के साथ दर्शकों से जुड़ रहा है और धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। इसी कड़ी में अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म 'मुझे ऐसा पति दे भगवान' को अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल दिल्ली में जगह मिली है। यह फिल्म भोजपुरी भाषा की पहली फिल्म है, जो इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल में चुनी गई। मूवी को फिल्म फेस्टिवल में अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने समारोह की कुछ झलकियां अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। अभिनेत्री द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि लोगों की तरफ से फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। अभिनेत्री ने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, 'जब आपकी कहानी और भाषा दुनिया के बड़े मंच तक पहुंचती है, तो यह सिर्फ एक उपलब्धि नहीं बल्कि, एक खास एहसास होता है। अक्षरा ने आगे लिखा, 'इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल दिल्ली में हमारी पहली भोजपुरी फिल्म का चयन हुआ है, 'ऐसा पति मुझे दे भगवान'। मैं खुद को बहुत खुश और गौरवशाली महसूस कर रही हूं।

# दीया मिर्जा बोलीं- फिल्म फ्लॉप हुई तो लोग पनौती कहने लगे

## ऐश्वर्या राय से होती थी तुलना; फिर राजकुमार हिरानी से कॉल पर मांगना पड़ा काम



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भले ही कल्ट क्लासिक मानी जाती हो, लेकिन रिलीज के वक्त इस फिल्म के फ्लॉप होने का खामियाजा एक्ट्रेस को भुगतना पड़ा था। दीया ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलासा किया कि कैसे एक दौर में उन्हें इंडस्ट्री में 'पनौती' और 'बदकिस्मत' मान लिया गया था और उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। बातचीत में दीया ने बताया कि करियर की शुरुआत में उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे याद है कि मेरी एक बड़ी फिल्म फ्लॉप हुई और अचानक सब बदल गया। जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे, वही मुझे 'पनौती' समझने लगे।

मैंने उस दौर में बहुत कुछ झेला है, जहां मुझे सिर्फ इसलिए काम नहीं दिया जा रहा था क्योंकि लोग मुझे अनलकी मानने लगे थे। दीया के मुताबिक, उनके करियर में टर्निंग पॉइंट फिल्म 'संजू' से आया। उन्होंने बताया, 'जब राजकुमार हिरानी 'संजू' की कास्टिंग कर रहे थे, तो मैंने खुद उन्हें कॉल किया।

# आईएफएफ में 'तन्वीः द ग्रेट' को मिली जबरदस्त सराहना




## अनुपम खेर ने बताया- 'साहस और उम्मीद की कहानी'

दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस बार एक खास फिल्म ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा, और वह है 'तन्वीः द ग्रेट'। इस मौके पर अभिनेता और निर्देशक अनुपम खेर, एक्ट्रेस शुभांगी दत्त और डायरेक्टर अखिल सत्यन ने मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म के अनुभव और इसकी सफलता पर अपनी बातें रखीं। अनुपम खेर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, '''तन्वीः द ग्रेट' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि साहस, उत्साह और उम्मीद की कहानी है। इस फिल्म से हर कोई जुड़ाव महसूस कर रहा है। यही इसकी सबसे बड़ी सफलता है। फिल्म को हर जगह से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।'' अनुपम खेर ने फिल्म के सफर का जिक्र करते हुए बताया कि इसकी शुरुआत कान्स फिल्म फेस्टिवल से हुई। वहां इसका वर्ल्ड प्रीमियर किया गया। इसके बाद फिल्म को लंदन और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में भी दिखाया गया, जहां इसे खूब सराहा गया। उन्होंने आगे कहा, ''फिल्म को देश के बड़े-बड़े लोगों ने भी देखा और सराहा है। राष्ट्रपति और सेना प्रमुख तक ने इस फिल्म को देखा है, जो अपने आप में बड़ी बात है। इतना ही नहीं, कई राज्यों में इसे टैक्स फ्री भी किया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख सकें।'' अनुपम खेर ने कहा कि फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

## मेडिकल कॉलेज के छात्र की उपचार के दौरान मौत, पोस्टमार्टम से होगा खुलासा

**प्रयागराज** : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर निवासी एक मेडिकल छात्र की रविवार देर रात उपचार के दौरान स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि प्रयागराज के अल्लापुर निवासी आदित्य (29) पुत्र दिलीप, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में जेआर द्वितीय वर्ष के छात्र थे। उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर जार्जटाउन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृत्यु का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। डीसीपी नगर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के छात्र की उपचार के दौरान मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने लगाई फांसी, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा साया

**मीरजापुर**: उत्तर प्रदेश के मीरजापुर में राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में रविवार देर रात एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सेमरी निवासी 36 वर्षीय कमलेश शर्मा पेशे से नाई थे और गांव में बाल काटकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार रात परिवार के सदस्य भोजन के बाद सो गए थे। इसी दौरान कमलेश घर के बाहर बने मड़हे में गए और बड़ेर में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक नजर न आने पर परिजन उन्हें खोजते हुए बाहर पहुंचे, जहां मड़हे में उनका शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह के चलते युवक ने यह कदम उठाया। मृतक के पीछे 10 और 8 वर्ष के दो मासूम बेटे हैं। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मप्र के रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव में किसानों को मिलेगा वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन: शिवराज सिंह

एजेंसी



**रायसेन** : मध्य प्रदेश के रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव 2026 प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन मिलेगा, वहीं पराली को कचरे से कंचनह्व बनाने की तकनीक और तीन दिन तक लगातार चलने वाली प्रशिक्षण-श्रृंखला किसानों की खेती को नए पायदान पर ले जाएगी। यह बात केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार देर शाम जारी एक बयान में कही। उन्होंने बताया कि रायसेन में दशहरा मैदान पर होने वाले इस महोत्सव के दौरान तीनों दिन चार स्थानों-सेमिनार हॉल-1, सेमिनार हॉल-2, सेमिनार हॉल-3 और मुख्य हॉल में विषय-आधारित सत्र होंगे, जिनमें फसल प्रबंधन से लेकर बाजार और आधुनिक तकनीक तक पूरी श्रृंखला को समेटा जाएगा।

उन्होंने बताया कि पहले दिन 11 अप्रैल को दोपहर के सत्रों में फसल कटाई के बाद प्रबंधन और कृषि अवसंरचना कोष के उपयोग से उन्नत कृषि, डिजिटल कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान, मधुमक्खी-पालन से कृषि-आय में वृद्धि और कृषि मशीनीकरण के माध्यम से खेती में उन्नति जैसे विषय शामिल रहेंगे। साथ ही, दलहन फसलों में उत्पादकता वृद्धि और क्षेत्र विस्तार, प्राकृतिक खेती, बागवानी फसलों का विस्तार तथा पराली प्रबंधन पर ह्लवेस्ट-टू-वेल्थ (कचरे से कंचन)ह्व के साथ नुक्कड़ नाटक के जरिए किसानों को व्यावहारिक संदेश दिए जाएंगे।

दूसरे दिन 12 अप्रैल को सुबह एफपीओ मीट (किसान उत्पादक संगठन सम्मेलन), मृदा स्वास्थ्य के माध्यम से हरित और सुरक्षित कृषि, संरक्षित खेती (पॉलीहाउस-शेडनेट) को जलवायु-अनुकूल कृषि के सतत दृष्टिकोण के रूप में और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर जागरूकता एवं संवाद कार्यशाला तथा नुक्कड़ नाटक के आयोजन होंगे। इसी दिन दोपहर से शाम तक एकीकृत कृषि प्रणाली, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, फूलों और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती, एकीकृत कीट प्रबंधन और बायो-पेस्टीसाइड का उपयोग, नर्सरी प्रबंधन व गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री उत्पादन, सूक्ष्म सिंचाई और फर्टिगेशन, हाइड्रोपोनिक्स, प्रिसिजन फार्मिंग और वर्टिकल फार्मिंग पर विशेष सत्र होंगे।

तीसरे दिन 13 अप्रैल को सुबह KVK (कृषि विज्ञान केंद्र) सम्मेलन, धान में आत्मनिर्भरता हेतु बीज प्रणाली, मत्स्यपालन और मोतीपालन, कृषि ऋण और किसान क्रेडिट कार्ड पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसी दिन दोपहर के सत्रों में मध्य प्रदेश की जलवायु आधारित डेयरी संवर्धन एवं पशुपालन, धान की सीधी बुआई, मुर्गीपालन-बकरीपालन से आय-वृद्धि और ह्लधरती बचाओह्व विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जलवायु-संतुलित एवं टिकाऊ खेती का संदेश दिया जाएगा।

**पराली से कचरे से कंचन तक-वेस्ट-टू-वेल्थ की वैज्ञानिक राह**

शिवराज सिंह ने बताया कि महोत्सव में पराली प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा, जहाँ ह्लकचरे से कंचनह्व की अवधारणा के तहत वेस्ट-टू-वेल्थ मॉडल किसानों के समक्ष रखे जाएंगे, ताकि पराली और कृषि-अपशिष्ट को जलाने की जगह खाद, ऊर्जा और अतिरिक्त आय के स्रोत में बदला जा सके। पराली प्रबंधन पर सत्र के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और वैज्ञानिक प्रबंधन से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सरल और सहज रूप में समझाया जाएगा।

# इंदौर में बारातियों की कार और ट्रक में टक्कर, चार युवकों की मौत

एजेंसी



**इंदौर** : मध्य प्रदेश के इंदौर में रविवार देररात दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार (क्वालिस) को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। देवगुराड़िया मार्ग पर हुए इस हादसे में चार युवकों की जान चली गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कार में 11 लोग सवार थे, जो आष्टा से शादी समारोह के बाद इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान रविवार देर रात ढाई बजे के करीब देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास अचानक ब्रेक लगने के बाद पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में इरफान (24), आरिस (20), फरहान (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरफाद (23) ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों और परिजनों का कहना है कि ट्रक में भूसा भरा था और वह तेज रफ्तार से चल रहा था। ओवरटेक के दौरान अचानक ब्रेक लगाने से यह हादसा हुआ। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**घटनास्थल पर अफरा-तफरी, लोगों ने की मदद**

हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों का उपचार एमवाय अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध जताया। कुछ लोगों ने ट्रक में आग लगाने की कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही खुड़ैल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। समझाने के बाद यातायात बहाल कराया गया। एएसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**कई परिवारों पर टूटा दुख, क्षेत्र में शोक**

बताया जा रहा है कि सभी लोग एक ही इलाके के रहने वाले थे और आष्टा से बारात लेकर लौट रहे थे। इस हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

एजेंसी



**भोपाल** : भाजपा आज सोमवार को अपना स्थापना दिवस मना रही है। 6 अप्रैल 1980 को पार्टी की स्थापना की गई थी। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सभी कार्यकताओं और देशवासियों को शुभकामनाएं दी गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में कहा- सेवा, सुशासन और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास₹ को आत्मसात कर हम सभी अंत्योदय एवं आत्मनिर्भर भारत के पावन लक्ष्य की प्राप्ति के कर्तव्य पथ सतत आगे बढ़ते रहेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के स्थापना दिवस पर शुभकामना देते हुए अपने संदेश में कहा- राष्ट्र प्रथम एवं अंत्योदय के भाव से उद्दीप्त विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन @इखढ4कल्र्ा के 47वें 'स्थापना दिवस' पर समस्त कार्यकताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सर्वोपरि के मार्ग पर चलने वाला विकास और सुशासन की भावना से ओतप्रोत एक संस्कार है। श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व महान विभूतियों के पुण्य विचारों के आलोक एवं यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री @ल्लं१ल्लर्१ंड्ढ जी व माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री @ढ३ल्लढ्ढंल्ल जी के कुशल नेतृत्व में अंत्योदय व सेवा के संकल्प को पूर्ण कर विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। जय भाजपा !

# अमित शाह ने भाजपा स्थापना दिवस पर पर दी शुभकामनाएं

एजेंसी






**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। भाजपा और वरिष्ठ पार्टी नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने कार्यकताओं और देशवासियों को पार्टी के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा ने एक्स पर लिखा, " राष्ट्र प्रथम, अंत्योदय का संकल्प और सेवा ही संगठन के मूल मंत्र पर चले वाले विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की आप सभी कार्यकताओं और देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।" केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी सभी कार्यकताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने व्हाट्स ऐप संदेश में लिखा, " डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की राष्ट्रवादी चिंतन और वैचारिक प्रेरणा से बनी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प था। अंतिम पंक्ति के कल्याण की मूल भावना के साथ शुरू हुई भाजपा ने मोदी जी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ' के मंत्र को साकार किया है। "उन्होंने लिखा, "भाजपा ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के साथ देश को तुष्टीकरण से मुक्त व सुशासन, पारदर्शिता को स्थापित करने का कार्य किया है। आज भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन चुकी है। "

# राजस्थान में आज से बदलेगा मौसम, आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

एजेंसी



**जयपुर** : प्रदेश में सोमवार से एक नया मजबूत मौसमी तंत्र सक्रिय होने जा रहा है, जिसके चलते मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सोमवार और मंगलवार को करीब 14 जिलों में आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार छह अप्रैल से सक्रिय हो रहे इस सिस्टम का असर सबसे पहले पश्चिमी राजस्थान के जिलों जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में देखने को मिलेगा। यहां दोपहर बाद मौसम अचानक बदलेगा, बादल छाने के साथ तेज आंधी और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार सात अप्रैल को इस सिस्टम का प्रभाव पूरे प्रदेश में फैल जाएगा। अधिकांश जिलों में बादल छाने के साथ बारिश की संभावना है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। वहीं नौ अप्रैल से मौसम के फिर से शुष्क (ड्राय) होने के आसार हैं। इससे पहले रविवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। जयपुर, अजमेर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में आसमान साफ रहा और दिनभर धूप खिली। हालांकि शाम के समय जयपुर में बादल छाने से मौसम सुहावना हो गया और ठंडी हवाओं से लोगों को राहत मिली।

पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कई शहरों में तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई। बाड़मेर में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

## मुख्यमंत्री साय आज करेंगे भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण



**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सोमवार को प्रातः 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने बताया कि आज 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सभी जिलों में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जिला अध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर ध्वजारोहण करेंगे। साथ ही शाम 05 बजे एकात्म परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।

# निःशुल्क प्री स्क्रीनिंग शिविर में 130 बच्चों ने उठाया लाभ, 24 बच्चों की होगी सर्जरी

एजेंसी



**वाराणसी** : वाराणसी में भिखारीपुर स्थित एपेक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में निदेशक एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. स्वरूप पटेल द्वारा ईश्वर के.बी.एच एनजीओ के सहयोग से हाथ-पैर की जन्मजात समस्या, टेढ़े पैर, चलने में दिक्कत आदि से ग्रस्त 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोमवार को निशुल्क जांच, सर्जरी और कृत्रिम अंग (फिटमेंट) की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क प्री स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में उत्तर-प्रदेश और विशेष रूप से पूर्वांचल, बिहार, मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 130 बच्चों ने फ्री स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। स्क्रीनिंग के आधार पर ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉ सौम्याश्री ने बच्चों को निःशुल्क व्यावहारिक फिजिकल एक्सरसाइज, एंडोलाइट के कमलेश भारती द्वारा 62 बच्चों को निःशुल्क कृत्रिम अंगों, प्रॉस्थेसिस एवं फिटमेंट देने हेतु मेजरमेन्ट किया। निदेशक एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. स्वरूप पटेल ने बताया कि सर्जरी योग्य चयनित 24 बच्चों को आगामी 22 से 28 अप्रैल में निःशुल्क सर्जरी के लिए बुलाया गया है तथा उसी दौरान कृत्रिम अंग या कैलिपर भी मुफ्त लगाए जाएंगे।निःशुल्क सर्जरी एपेक्स के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. स्वरूप पटेल, ऑस्ट्रिया के डॉ अर्नस्ट ऑरथनर और जर्मनी के डॉ थॉर्स्टन अंतरराष्ट्रीय सर्जनों के संयुक्त तत्वाधान में की जाएगी।

## आसनसोल जुबली मोड पर बस से 22.4 किलोग्राम गांजा बरामद

**आसनसोल** : आसनसोल में चुनाव के दौरान नशा तस्करी के कई मामले सामने आ रहे हैं, जिससे पुलिस भी हैरान है। रविवार शाम जुबली मोड़ पर एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) की नाका जांच के दौरान बोकारो से आ रही एक बस की तलाशी के दौरान बस से दो लावारिस बैग बरामद हुए। बैग खोलने पर उनमें गांजा पाया गया, जिसका कुल वजन 22.4 किलो था। पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया, लेकिन इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से एसएसटी और पुलिस द्वारा लगातार नाका जांच की जा रही है, जिसमें नशा तस्करी के कई मामलों का खुलासा हो रहा है। पुलिस का मानना है कि तस्कर बसों के जरिए बड़े पैमाने पर नशे की खेप इलाके में ला रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बिना पुख्ता जानकारी के हर बस और हर यात्री के सामान की जांच करना संभव नहीं होता, क्योंकि इससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है और समय भी अधिक लगता है। तस्कर इसी का फायदा उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कल के दिनों में एसएसटी की टीम ने गंजे तथा ड्रग्स के कई खेप पकड़ी है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी



**नई दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, विप्रो, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, कोल इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयर 4.06 प्रतिशत से लेकर 1.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, कोटक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मैक्स हेल्थकेयर, इंटरग्लोब एविएशन और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 1.42 प्रतिशत से लेकर 1.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,765 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,176 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,589 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 157.98 अंक की मजबूती के साथ 73,477.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स उछल कर 73,588.75 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 72,790.49 अंक के स्तर तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 518.10 अंक की कमजोरी के साथ 72,801.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 67.20 अंक की छलांग लगा कर 22,780.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी उछल कर 22,798.25 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर यह सूचकांक 22,561.90 अंक के स्तर तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 148.65 अंक की गिरावट के साथ 22,564.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# ट्रम्प के बयान पर बर्नी सैंडर्स का हमला कहा- बयान खतरनाक और असंतुलित

एजेंसी



**वॉशिंगटन** : अमेरिका में ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। डेमोक्रेटिक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे ह्लखतरनाक और असंतुलितह्व करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए सैंडर्स ने कहा कि ईस्टर के दिन इस तरह का बयान बेहद चिंताजनक है। उन्होंने लिखा कि इस तरह की भाषा और सोच वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ा सकती है और स्थिति को और गंभीर बना सकती है।

सैंडर्स ने आगे कहा कि यह समय संयम और कूटनीति का है, न कि आक्रामक बयानबाजी का। उन्होंने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा कि युद्ध की स्थिति को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव काफी बढ़ गया है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी विवाद के चलते। ऐसे में अमेरिकी राजनीति के भीतर भी इस मुद्दे पर मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं।

विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के तीखे राजनीतिक बयान आने वाले दिनों में अमेरिका की विदेश नीति और क्षेत्रीय हालात दोनों को प्रभावित कर सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के 40 'स्टार प्रचारकों' की सूची जारी की

**बिनय मिश्रा**

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने 'स्टार प्रचारकों' (अनुसूची-क) की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इस सूची में पार्टी के शीर्ष राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और सांस्कृतिक जगत के प्रतिष्ठित चेहरों को शामिल किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी 'सोनार बांग्ला' के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। सूची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। बंगाल के गौरव और सांस्कृतिक पहचान को महत्व देते हुए फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस जैसे व्यक्तित्व भी जनता के बीच जाकर पार्टी के दृष्टिकोण को रखेंगे। स्टार प्रचारक में नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री), जे.पी. नड्डा (केंद्रीय मंत्री, भाजपा),राजनाथ सिंह (केंद्रीय रक्षा मंत्री),अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री)

नितिन गडकरी (केंद्रीय मंत्री), बी.एल. संतोष (राष्ट्रीय महासचिव, संगठन),धर्मेंद्र प्रधान (केंद्रीय मंत्री), योगी आदित्यनाथ (मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश),डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा (मुख्यमंत्री, असम), मोहन चरण माझी (मुख्यमंत्री, ओडिशा), माणिक साहा (मुख्यमंत्री, त्रिपुरा),शिवराज सिंह चौहान (केंद्रीय मंत्री),देवेन्द्र फडणवीस,(मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र), अश्विनी वैष्णव (केंद्रीय मंत्री),श्रीमती स्मृति ईरानी (वरिष्ठ नेता सह प्रख्यात अभिनेत्री),

श्रीमती हेमा मालिनी (सांसद एवं अभिनेत्री),

सुश्री कंगना रनौत (सांसद एवं अभिनेत्री),

अनुराग ठाकुर (सांसद)

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (केंद्रीय मंत्री), अर्जुन मुंडा (पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ),बाबूलाल मरांडी (पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष झारखंड भाजपा), सम्राट चौधरी (उपमुख्यमंत्री, बिहार), मनोज तिवारी (सांसद एवं अभिनेता), भूपेंद्र यादव (केंद्रीय मंत्री), सुनील बंसल (राष्ट्रीय महासचिव),

बिप्लब कुमार देब (पूर्व मुख्यमंत्री, त्रिपुरा),

मंगल पांडे (प्रभारी, पश्चिम बंगाल भाजपा),

अमित मालवीय (सह-प्रभारी, पश्चिम बंगाल भाजपा), सुवेंदु अधिकारी (नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल),डॉ. सुकांत मजुमदार (केंद्रीय राज्य मंत्री एवं वरिष्ठ नेता), दिलीप घोष (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष), सामिक भट्टाचार्य (राज्य मुख्य प्रवक्ता), शांतनु ठाकुर (केंद्रीय राज्य मंत्री), राजू बिस्ता (सांसद),डॉ. जयंत कुमार रॉय (सांसद), मनोज तिग्गा (विधायक एवं वरिष्ठ नेता),श्रीमती रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री दिल्ली)

नितिन नवीन (राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राजसभा सांसद)है। असम और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों को पड़ोसी राज्यों के भाषाई और सांस्कृतिक प्रभाव के कारण शामिल किया गया है।

स्टार प्रचारक के रुप मे मिथुन चक्रवर्ती और लिएंडर पेस जैसे नामों का उपयोग युवा और शहरी मतदाताओं के बीच लोकप्रियता हासिल करने के लिए है। सुनील बंसल और मंगल पांडे जैसे रणनीतिकारों की उपस्थिति जमीनी स्तर पर चुनाव प्रबंधन को दर्शाती है।

# धनबाद में कोयला तस्करों ने स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर और पत्नी को पीटा



**संवाददाता**

**धनबाद :** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के केंदुआ-झरिया मुख्य मार्ग पर कोयला चोरी करने वालों का दुस्साहस सामने आया है। कुमार मंगलम स्टेडियम के पास स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार और उनकी पत्नी काजल कुमारी के साथ मारपीट की गई। इस घटना में दोनों घायल हो गए। बताया जा रहा है कि अनुज कुमार अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से झरिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर खड़ी हाइवा गाड़ियों से कोयला उतार रहे लोगों से उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और कोयला तस्करों ने दारोगा पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी को भी नहीं बख्शा गया और उनके साथ भी मारपीट की गई।

घटना के समय सब-इंस्पेक्टर सिविल ड्रेस में थे। हमले में अनुज कुमार को पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनकी पत्नी के पैर और शरीर पर चोट के निशान हैं। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह दोनों को बचाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही स्पेशल ब्रांच के डीएसपी संतोष कुमार मिश्रा, अनूप कुमार महतो समेत कई अधिकारी और केंदुआडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक सभी हमलावर फरार हो चुके थे।

सब-इंस्पेक्टर अनुज कुमार की पत्नी काजल कुमारी ने कहा कि इसी इलाके में हम रहते हैं। सभी लोग पहचानते भी हैं। हमने सिर्फ जाने के लिए रास्ता मांगा था, इसी बात को लेकर कोयला चोर आक्रोशित हो गए और मारपीट करने लगे। वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनकर फेंक दिया।

इस घटना को लेकर केंदुआडीह थाना के एएसआई राजू मुंडा ने बताया कि अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। केवल इंज्यूरी रिपोर्ट थाना में जमा कराई गई है। लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल जारी है।

# होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में भेदभाव और अंकों में हेराफेरी का आरोप



## अभ्यर्थियों ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किया हंगामा

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में भेदभाव और अंकों की हेराफेरी के आरोप में अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। पत्रकारों से बात करते हुए अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि स्टेडियम में हाई जंप में कलर बार को धीमा कर दिया गया है,जिसमें उन्हें देखने में दिक्कत होती है। इसी प्रकार लॉन्ग जंप में भेदभाव बरता जा रहा है। साथ ही अंकों में हेराफेरी की जा रही है।अभ्यर्थियों ने बताया कि 10 बजे तक दौड़ कंपलीट करने का नियम बनाया गया है,जबकि रोज 12 बजे का समय हो जाता है। उस समय तक काफी प्यास लगती है। कहा कि मैदान में पानी की बोतल ले जाने की भी मनाही है। अभ्यर्थियों ने पुलिस कर्मियों द्वारा फोन के उपयोग पर पाबंदी लगाने की भी मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत



**संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू):** हुसैनाबाद अनुमंडल के कोशियारा रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 355/5 से 355/7 के बीच रेल दुर्घटना में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों और थानों को सूचित कर दिया गया है ताकि मृतक के परिजनों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले, तो हैदरनगर थाना को सूचित करें।

# सलाखों के पीछे पहुंचे दो साइबर अपराधी

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी लगातार जारी है, क्योंकि साइबर अपराध में कोई कमी देखने को नहीं मिल रही है। इसी कड़ी में रविवार को देवघर साइबर पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी को लेकर देवघर साइबर डीएसपी राजा कुमार मिश्रा ने बताया कि मधुपुर के करो थाना इलाके के रहने वाला सिराराम रवानी और राजेश रवानी जंगली क्षेत्र में घुसकर लोगों के साथ पीएम किसान योजना के नाम पर ठगी करते थे।

**फाइनेंस अधिकारी बनकर करते थे ठगी**

डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बताया कि पीएम किसान योजना के लाभुक को फर्जी पीएम किसान योजना का लिंक भेजकर लाभुक के साथ ठगी करते थे। इसी के साथ फाइनेंस अधिकारी बनकर लोगों को लोन देने के नाम पर भी ठगी करते थे। वहीं गूगल पे पर फोन और यूपीआई के नाम पर भी लोगों के साथ ठगी करने का काम करते थे।

**तीन मोबाइल और चार सिम बरामद**

दोनों साइबर अपराधियों के पास से तीन मोबाइल और चार सिम बरामद हुए हैं। तीनों



मोबाइल और चार सिम को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दोनों साइबर अपराधियों को पकड़ने में पुलिस की तरफ से संतोष कुमार मंडल और करो एवं पथरोल थाना की पुलिस टीम मौजूद रही।

**पहले भी हुई है साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी**

गौरतलब है कि देवघर के एसपी सौरभ के निर्देश पर पिछले कुछ महीने में पचास से ज्यादा साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन उसके बावजूद देवघर में साइबर अपराधियों की मोनोपोली कम नहीं हो रही है। देवघर के एसपी सौरभ कुमार और साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया है ताकि साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि आम लोगों के साथ कोई ठगी ना हो सके।

# चरपोखरी बालिका +2 विद्यालय में छात्रा सम्मान समारोह, मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

**संवाददाता**

**चरपोखरी (भोजपुर)।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका +2 विद्यालय, चरपोखरी के कला प्रेक्षागृह में छात्रा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मैट्रिक, इंटर एवं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना था।

विद्यालय प्रभार में कार्यरत अजय राय ने अपने संबोधन में छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की कि वे छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत बनें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

मैट्रिक परीक्षा में रागिनी कुमारी ने प्रथम, सगुन ने द्वितीय तथा सुरभि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नौवीं कक्षा में सोनम कुमारी प्रथम, किरण कुमारी द्वितीय और सिद्धि कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। बारहवीं कक्षा में अदिति कुमारी ने प्रथम, अंजली कुमारी ने द्वितीय और गीतांजलि कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम को तीन भागों–छात्रा सम्मान, शिक्षक-शिक्षिका प्रेरणा और अभिभावक सम्मान–में विभाजित किया गया था। इस दौरान करीब 100 छात्राओं को स्मृतिचिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने स्वयं अपने हाथों से छात्राओं को सम्मानित कर गर्व महसूस किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं–पिंकी कुमारी, रिंकल कुमारी, अर्पिता



यादव, अंशिका कुमारी, रविनंदनी जी एवं रिंकी कुमारी–का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं संस्कृत शिक्षक सुनीत त्रिपाठी, गणित शिक्षक सुकेश कुमार एवं संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने छात्राओं को समय के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रीति कुमारी ने किया, जिन्होंने अपने विचारों में स्थानीयता और आधुनिकता का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। अंत में कला शिक्षक रौशन राय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

समारोह में उपस्थित अभिभावकों और छात्राओं के बीच उत्साह और आत्मविश्वास का वातावरण देखने को मिला, जो छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करता है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### असम और तामिलनाडु की दो ट्रेनें आज से रद्द

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन से सप्ताह में दो दिन अप-डाउन करने वाली असम शिलघट टाउन-तामीलनाडु तांबरम एक्सप्रेस का मार्ग सोमवार से बदलेगा, जो 29 जून तक कायम रहेगा। बताया जाता है कि, दोनों ट्रेनें 22 दिन बदलने वाला है। इससे ट्रेन पश्चिम बंगाल में दुगार्पुर नहीं जाकर सैंथिया एवं अंडाल होकर आसनसोल चलेगी। ट्रेन का मार्ग बदलने से दुगार्पुर के यात्रियों को दिक्कत होगी। इधर, आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस का भी मार्ग भी 12 मई तक बदलेगा।

### जदयू के धरना को लेकर रेलवे में सतर्कता

**जमशेदपुर :** ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ जनता दल यूनाइटेड की मंगलवार को टाटानगर स्टेशन पर प्रस्तावित धरना को लेकर चक्रधरपुर मंडल रेलवे सतर्क हो गया। आरपीएफ व वाणिज्य विभाग विधायक सरयू राय के कार्यालय पर नजर रखे हुए है ताकि, धरना को लेकर जदयू की तैयारी को लेकर पल-पल की जानकारी से चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय को अवगत करा सके। इससे आरपीएफ सादे लिबास में विधायक के बिष्टूपुर कार्यालय का चक्कर लगाने के साथ जदयू नेताओं से जानकारी एकत्र कर रहे हैं। सूचना के अनुसार, दिनभर के धरना में पांच हजार से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### सही विदेश नीति की वजह से भारत के हालात दूसरों से बेहतर : अमित आजाद

**धनबाद :** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के परपोते अमित आजाद ने कहा कि भारत की सही विदेश नीति के चलते ही युद्ध में भी भारत के हालात दूसरे देशों से बेहतर हैं। हम उन देशों से भी सुविधा प्राप्त कर ले रहे हैं, जहां युद्ध चल रहा है। यह हमारी सही विदेश नीति की वजह से हो रहा है। दूसरे कई देशों में महंगाई की स्थिति चरम पर पहुंच गई है। रविवार को धनबाद पहुंचे अमित आजाद ने बताया कि निरसा में आर्य समाज की ओर से संचालित दयानंद महर्षि गुरुकुल की तिरंगा रैली में शामिल होने के लिए वह धनबाद आए हैं।

इस रैली के माध्यम से वह धनबाद के युवाओं में देशप्रेम का जज्बा भरने का प्रयास करेंगे। चंद्रशेखर आजाद द्वारा बनाए गए संगठन हिन्दुस्तान रिपब्लिकन आर्मी के वह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। अमित आजाद के पिता और चंद्रशेखर आजाद के भतीजे सुजीत आजाद इसके अध्यक्ष हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**पांकी :** पांकी प्रखंड के माड़न मुख्य रोड कामत स्थित युवक बाइक से अनियंत्रित होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान प्रमोद भुइयां (22 वर्ष) पिता स्व. कुली भुइयां नौडीहा परसांवा निवासी है।

### भाई ने की भाई की हत्या

**मेदीनीनगर :** पांकी थाना क्षेत्र के ठेकही - अंदाग मे सगे भाई ने की निर्मम हत्या। रविवार की रात्रि दोनों भाई आपस मे झगड़ा कर रहे थे इसी बीच सनकी सीटू भुईया ने अपने सगे भाई पिंटू भुईया कों कुल्हाड़ी से वार कर मौत का घाट उतार दिया। घटना के बाद विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इधर पांकी पुलिस भी जांच शुरू कर दी हैं।

### मानगो के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप

**जमशेदपुर :** झारखंड बिजली वितरण निगम के मानगो के अंतर्गत सोमवार सुबह 10 बजे से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रही। जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे से भिलाई पहाड़ी, सिमुलडांगा, पलासबोनी, एनएच-33, पीपला, नरगा और हीरा चुनी इलाके बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। निगम के अनुसार यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य के कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद की गई है।

### मारपीट मामले में 13 साल बाद हेते बरी

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे 4 मंजू कुमारी की अदालत ने मारपीट के एक मामले में विकास सिंह उर्फ हेते को बरी कर दिया। विकास को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी किया। इसके साथ ही मामले में आरोपी राजू पासवान, सतीश पासवान, सौरभ गोप और शिवदीप को भी अदालत ने बरी कर दिया। इस मामले में हेते को साहिबगंज जेल से जमशेदपुर कोर्ट में पेश किया गया था। बता दे कि इस मामले में सोनारी थाना में साल 2013 में मुन्ना गौड ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मुन्ना ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। 13 साल अदालत में मामला चला जिसमें कोई भी गवाह नहीं होने पर आरोपियों को बरी कर दिया गया।

### बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने बढ़ाया राज्य का मान : सरयू राय

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक और झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के पैट्रन ऑफ चीफ सरयू राय ने कहा कि बास्केटबॉल के क्षेत्र में जमशेदपुर का नाम राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि खेल में जज्बा, मेहनत और हुनर के साथ कठोर अनुशासन सफलता की कुंजी है।उन्होंने यह बातें 29 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक ग्रुँल्ल में आयोजित 26वीं जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात के दौरान कही। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राय ने कहा कि खेल में गुरु के मार्गदर्शन और अनुशासन का पालन बेहद जरूरी है।

### फ्लाईओवर के काम में फिर आयी तेजी

**जमशेदपुर :** मानगो-साकची के बीच निमार्णाधीन फ्लाईओवर के काम में तेजी आ गई है। स्वर्णरेखा नदी के बीच में करीब एक माह से रुके काम ने गति पकड़ ली है। नदी के बीच में स्थित पिलर पर गार्डर लगाने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए नदी में कई बड़े-बड़े लांचर उतारे गये हैं। बरसात के पूर्व इसे पूरा करने का लक्ष्य है। इसलिए निर्माण कंपनी बरसात से पूर्व नदी के भीतर का काम पूरा कर लेना चाहती है ताकि बाद में दिक्कत नहीं हो।

### राम-सीता विवाह प्रसंग से गुंजायमान हुआ जगजीवन नगर

**धनबाद :** मानस प्रचार समिति, मानस मंदिर, जगजीवन नगर की ओर से आयोजित मानस अधिवेशन के तृतीय दिवस पर रविवार को भक्तिभाव का अनूठा वातावरण देखने को मिला। प्रातःकाल अयोध्या से पधारे राधेश्याम दास ने सीता-राम विवाह प्रसंग का भावपूर्ण पारायण किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक विवाह गीत गाकर और नृत्य कर पूरे परिसर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। साथ ही श्रद्धालु महिलाओं ने एक-दूसरे को माता सीता पर चढ़ा सिंदूर लगाकर मंगल कामनाएं कीं। पूरे क्षेत्र में राम-सीता विवाह के मंगल गीतों की गूंज सुनाई दी और वातावरण पूर्णतः राममय हो गया। विवाह अनुष्ठान के क्रम में पंडित ज्योति नारायण झा ने यजमान उज्ज्वल कुमार वर्मा एवं मनिका कीर्ति वर्मा से विधिवत फेरे संपन्न कराए और माता भगवती सीता को सिंदूर अर्पित कराया। इस अनुष्ठान ने धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक आस्था का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया।श्रीराम मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा : रामशंकर दास वेदांतीसंध्या बेला में अयोध्या से आए संत रामशंकर दास वेदांती ने रामजन्म प्रसंग पर विस्तार से व्याख्यान किया।